प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

"देश में अनिवार्य नहीं होगा "वर्क फ्रॉम होम" पेज- 2

पेज- 8 संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, ससुरालियों पर हत्या का आरोप

वर्ष : 15 अंक : 146 | रविवार 17 मई 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रुपया

# भारत की आकांक्षाएं अब सीमाओं तक सीमित नहीं हैं

## नीदरलैंड में प्रवासी भारतीयों के बीच बोले पीएम मोदी

(एजेंसी) हेग। भारत को अवसरों की भूमि बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि देश अभूतपूर्व परिवर्तन से गुजर रहा है और इसकी आकांक्षाएं अब इसकी सीमाओं तक सीमित नहीं हैं। नीदरलैंड के हेग में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत बड़े सपने देख रहा है और उसके युवा आसमान छूने की आकांक्षा रखते हैं। मोदी ने अपने 40 मिनट से अधिक के भाषण में श्रोताओं की तालियों के बीच कहा, आज भारत कह रहा है कि हमें केवल परिवर्तन ही नहीं चाहिए, हमें सर्वश्रेष्ठ चाहिए, हमें सबसे तेज गति चाहिए। इसीलिए जब भारत में असीमित आकांक्षाएं हैं, तो प्रयास भी असीमित होते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, आज का भारत अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। आपने हाल ही में देखा होगा कि भारत ने विश्व के सबसे बड़े और सबसे सफल एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। इससे पहले, भारत ने जी20 शिखर सम्मेलन की भी सफलतापूर्वक मेजबानी की थी। यह कोई एक बार की घटना नहीं थी, अब यह आज के भारत का स्वरूप बन गया है। मोदी ने



भारत के स्टार्टअप परिवेश की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप नेटवर्क है। उन्होंने कहा, आज भारत की आकांक्षाएं अब इसकी सीमाओं तक सीमित नहीं हैं। भारत ओलंपिक की मेजबानी करना चाहता है, वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनना चाहता है, हरित ऊर्जा में अग्रणी बनना चाहता है और विश्व का विकास इंजन बनना चाहता है। यह याद दिलाते हुए कि 2014 में भारत में केवल चार यूनिकॉर्न (एक अरब डॉलर या उससे अधिक मूल्यांकन वाले स्टार्टअप) कंपनियां थीं, मोदी ने कहा कि अब भारत में लगभग 125 सक्रिय यूनिकॉर्न कंपनियां हैं। उन्होंने कहा, आज हमारे स्टार्टअप एआई, रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में उल्लेखनीय काम कर रहे हैं। अनुसंधान और नवाचार की यह संस्कृति और भी व्यापक होती जा रही है। हाल ही में कई राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि भारत की आकांक्षा-प्रेरित यात्रा उसके लोकतंत्र को भी मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा, इस बार पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में लगभग 80-90 प्रतिशत मतदान हुआ। महिलाओं की भागीदारी में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और यह रुझान हर राज्य में दिखाई दे रहा है। आज भारत में मतदाता उत्साहित हैं। हमें गर्व है कि हर साल मतदान के नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। मोदी ने विपक्षी दलों पर भी कटाक्ष करते हुए लोगों से पूछा कि क्या लोकप्रिय नाश्ता झालमुड़ी हेग भी पहुंच गया है। नीदरलैंड के ट्यूलिप के लिए प्रसिद्ध होने की बात को रेखांकित करते हुए, मोदी ने कहा कि भारत कमल के लिए प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा, ट्यूलिप और कमल दोनों हमें सिखाते हैं कि जड़ें चाहे पानी में हों या धरती में, दोनों को सुंदरता और शक्ति प्राप्त होती हैं। मोदी ने कहा कि भारत और नीदरलैंड अंतरराष्ट्रीय मंच पर समन्वय स्थापित कर सकते हैं और वैश्विक परियोजनाओं को हासिल करने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। मोदी ने यह भी कहा कि समय के साथ कई सभ्यताएं मिट गईं, लेकिन भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति आज भी यहां के लोगों के दिलों में बसी हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा, पीढ़ियां बदल गईं, देश बदल गए, वातावरण बदल गया... लेकिन पारिवारिक मूल्य नहीं बदले हैं। कोविड महामारी और वैश्विक संघर्षों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह दशक दुनिया के लिए चुनौतियों का दशक बनता जा रहा है। उन्होंने चेताया, अगर इन परिस्थितियों में तेजी से बदलाव नहीं आया तो पिछले कई दशकों की उपलब्धियां व्यर्थ हो जाएंगी। व्यापार, प्रौद्योगिकी, रक्षा और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करने के उद्देश्य से मोदी शुक्रवार को अपने पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में नीदरलैंड पहुंचे।

# गंभीर बीमारियों के इलाज में सरकार करेगी पूरी मदद : योगी आदित्यनाथ

(एजेंसी) गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सरकार हरसंभव मदद करेगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और इस दौरान गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर पहुंचे लोगों को उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार उपचार में पूरी सहायता देगी जिसके लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उनके कार्ड भी बनवाए जाएंगे। गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री करीब 200 लोगों से मिले और उन्होंने लोगों से प्रार्थना पत्र लेकर मौके पर मौजूद अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से



संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों का समाधान समयबद्ध, निष्पक्ष और संतोषजनक ढंग से किया जाए। जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। एक महिला ने अपने बच्चे के इलाज में आर्थिक कठिनाई और आयुष्मान कार्ड न होने की समस्या बताई जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा, श्चिंता मत करिए, बच्चे का इलाज जरूर होगा। आयुष्मान कार्ड भी बनवाया जाएगा और विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता भी दी जाएगी।श् मुख्यमंत्री ने एक अन्य महिला को भी इसी तरह भरोसा दिलाया। इलाज से संबंधित प्रार्थना पत्र अधिकारियों को सौंपते हुए उन्होंने कहा कि उपचार के अनुमानित खर्च का ब्योरा तैयार कर जल्द शासन को भेजा जाए। बयान के अनुसार, अपराध और जमीन कब्जाने से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों और भू-माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# पंजाब के सीएम ने साधा पीएम मोदी पर निशाना

## कहा- लोगों से विदेश यात्रा नहीं करने की अपील कर खुद पांच देशों की यात्रा पर चले गए

(एजेंसी) चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर



तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने लोगों से विदेश यात्राएं नहीं करने की अपील की जबकि खुद विदेश जाना बंद नहीं किया है। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच, मोदी ने ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग, सोने की खरीद और विदेश यात्रा को स्थगित करने का आह्वान किया है। उन्होंने विदेशी मुद्रा बचाने के लिए शहरों में मेट्रो रेल सेवाओं का उपयोग करने, कारपूलिंग करने, इलेक्ट्रिक वाहनों का अधिक उपयोग करने और घर से काम करने का भी आग्रह किया। मान ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, सबसे पहले प्रधानमंत्री को अपनी विदेश यात्राएं रोकनी चाहिए। वे अभी कहां हैं? वे नीदरलैंड गए हैं। वे 3-4 और देशों का दौरा करेंगे। उन्होंने लोगों से विदेश यात्रा से बचने के लिए कहा था, लेकिन वह स्वयं (विदेश) चले गए। आप सब कुछ बंद कर रहे हैं... सोना न खरीदें, विदेश यात्राएं न करें, घर से काम करें। मुख्यमंत्री ने मोदी की अपील को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा, प्रधानमंत्री घर से काम क्यों नहीं करते? उन्होंने पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने पूछा, हमें विश्वगुरु बनना था, लेकिन हम विश्वचेले बन गए हैं। युद्ध कहीं और हो रहा है, लेकिन प्रतिबंध यहां लगाए जा रहे हैं। किसी अन्य देश ने ऐसा (प्रतिबंध) क्यों नहीं लागू किया? वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के कारण ईंधन के खुदरा विक्रेताओं को हो रहे भारी नुकसान के मद्देनजर, शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। देश में चार साल से अधिक समय बाद कच्चे तेल के दाम में यह पहली बढ़ोतरी है।

# आजम खान को तंखाइया मामले में झटका, विवादित बयान मामले में कोर्ट ने माना दोषी

(एजेंसी) रामपुर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान को एक और



मामले में कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान दिए गए विवादित बयान मामले में उन्हें दोषी करार दिया है। यह मामला उस चुनावी भाषण से जुड़ा है जिसमें उन्होंने तत्कालीन जिलाधिकारी (डीएम) को लेकर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। कोर्ट ने मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद आजम खान के खिलाफ आरोपों को सिद्ध माना है। हालांकि सजा कितनी होगी, इस पर फैसला अलग से सुनाया जाएगा। फैसले को देखते हुए कोर्ट परिसर और आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। यह मामला 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान का है, जब आजम खान समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर रामपुर सीट से चुनाव लड़ रहे थे। चुनाव प्रचार के दौरान वह भोट थाना क्षेत्र में एक सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने प्रशासन और तत्कालीन जिलाधिकारी को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। उनका भाषण बाद में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। आरोप है कि भाषण में उन्होंने डीएम को "तंखाइया" कहते हुए लोगों से डरने की जरूरत नहीं बताई थी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा था कि चुनाव जीतने के बाद वह उनसे "जूते साफ कराएंगे"। इस बयान में उन्होंने बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती का भी जिक्र किया था। उनकी इस टिप्पणी को लेकर उस समय राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में काफी विवाद हुआ था। विपक्षी दलों ने बयान को लोकतांत्रिक संस्थाओं और प्रशासनिक अधिकारियों का अपमान बताया था। विवाद बढ़ने के बाद प्रशासन ने आजम खान के खिलाफ मामला दर्ज किया था। उन पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन, सरकारी अधिकारी के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी और अन्य संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा कायम किया गया था। मामले की जांच के बाद पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। इसके बाद से यह मामला रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहा था। लंबे समय तक चली सुनवाई और गवाहों के बयान दर्ज होने के बाद कोर्ट ने अब अपना फैसला सुनाया है।फैसले को देखते हुए रामपुर कोर्ट परिसर के बाहर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रखा गया था। अदालत के बाहर आने-जाने वाले लोगों की निगरानी भी की गई। आजम खान के समर्थकों और मीडिया की मौजूदगी को देखते हुए पुलिस प्रशासन पहले से ही अलर्ट मोड पर था। अदालत के फैसले के बाद अब सभी की नजर सजा के ऐलान पर टिकी हुई है। यह पहला मौका नहीं है जब आजम खान किसी कानूनी मामले में दोषी पाए गए हों। पिछले कुछ वर्षों में उनके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हुए हैं। इनमें जमीन कब्जाने, फर्जी दस्तावेज, चुनावी मामलों और प्रशासनिक अधिकारियों से जुड़े विवाद शामिल रहे हैं। कई मामलों में उन्हें पहले भी सजा सुनाई जा चुकी है। फिलहाल आजम खान जेल में बंद हैं और विभिन्न अदालतों में उनके खिलाफ कई मुकदमों की सुनवाई जारी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि लगातार बढ़ती कानूनी चुनौतियों ने आजम खान की राजनीतिक स्थिति को काफी प्रभावित किया है। एक समय समाजवादी पार्टी के सबसे प्रभावशाली मुस्लिम नेताओं में गिने जाने वाले आजम खान अब लंबे समय से कानूनी लड़ाइयों में उलझे हुए हैं।

# 182 करोड़ की जिहादी ड्रग जब्त, अमित शाह बोले- बाहर भेजे जाने वाले हर एक ग्राम नशीले पदार्थ पर जारी रहेगी सख्त कार्रवाई

(एजेंसी) नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने ड्रग्स के खिलाफ अपनी सबसे बड़ी कार्रवाइयों में से एक को अंजाम देते हुए पहली बार जिहादी ड्रग कहे जाने वाले कैप्टागन की बड़ी खेप जब्त की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि ऑपरेशन रेजपिल के तहत एजेंसियों ने 182 करोड़ रुपए कीमत की कैप्टागन ड्रग बरामद की है। इस कार्रवाई में एक विदेशी नागरिक को भी गिरफ्तार किया गया है। अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार श्ड्रग-फ्री इंडियाश के संकल्प के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस कार्रवाई को भारत की जीरो टॉलरेंस नीति का मजबूत उदाहरण बताया। अमित शाह ने कहा कि भारत अपनी जमीन



का इस्तेमाल ड्रग्स की तस्करी के लिए किसी भी हाल में नहीं होने देगा और देश में आने या यहां से बाहर भेजे जाने वाले हर एक ग्राम नशीले पदार्थ पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की टीम की सराहना करते हुए उन्हें बहादुर और सतर्क योद्धा बताया। ऑपरेशन रेजपिल को एनसीबी द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चलाया गया एक बड़ा अभियान माना जा रहा है, जिसका मकसद अवैध ड्रग्स नेटवर्क को तोड़ना है। कैप्टागन असल में फेनेथिलिन नामक एम्फेटामिन आधारित ड्रग का रूप है। मिडिल ईस्ट के युद्धग्रस्त इलाकों और आतंकी संगठनों के लड़ाकों के बीच इसके इस्तेमाल की वजह से इसे जिहादी ड्रग कहा जाता है। जानकारी के मुताबिक, इस ड्रग का सेवन करने के बाद इंसान को दर्द, डर या थकान का एहसास कम हो जाता है। यही वजह है कि इसे लड़ाई और हिंसक गतिविधियों में इस्तेमाल किया जाता रहा है। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि इस तरह की ड्रग्स न केवल युवाओं को बर्बाद करती हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय अपराध और आतंक नेटवर्क को भी बढ़ावा देती हैं।

# आंधी-तूफान की तबाही और महंगाई की दोहरी मार, सरकार दे राहत : मायावती

(एजेंसी) लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में हाल में आए भीषण आंधी-तूफान से हुई तबाही और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर केंद्र और राज्य सरकारों पर निशाना साधा है। उन्होंने प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद देने और महंगाई पर तत्काल नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। बसपा मुखिया मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में जबरदस्त आंधी-तूफान से हुई जान-माल की भारी तबाही से प्रभावित लोगों, परिवारों की मदद के लिए राज्य सरकार को अपनी पूरी उदारता बरतते हुये हर प्रकार से उनके सहयोग के लिये आगे आना चाहिये ताकि वे लोग अपने उजड़ेधबिखरे हुये पारिवारिक जीवन को समेट कर दोबारा से अपनी जिन्दगी शुरू कर सकें। उन्होंने आगे कहा कि इसके साथ ही, खघसकर पेट्रोलियम पदार्थों आदि, इन आवश्यक वस्तुओं के मूल्य में अनवरत वृद्धि को जारी रखते हुये केन्द्र सरकार द्वारा पेट्रोल व डीजल आदि की कीमत में तीन रुपये



प्रति लीटर की वृद्धि करोड़ों गरीबों व मेहनतकश परिवारों, खेती-किसानी आदि के साथ-साथ मिडिल क्लास के जीवन को भी बुरी तरह से प्रभावित करेगा, अर्थात् इस महंगाई का सीधा असर इन सबके परिवार के पालन-पोषण पर पड़ेगा। मायावती ने कहा कि सरकार को महंगाई व जीवन दुष्कर करने वाली इस प्रकार की नियमित वृद्धि को कम करने के लिए जरूरी सार्थक कध्दम उठाने चाहिये, यही समय की मांग है।

# सम्पादकीय

## असंतुष्ट नेताओं की मुंहभराई

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने 15 अप्रैल को शपथ लेने के बाद अपने पहले एक महीने में कई बड़े फैसले किए हैं। मै नफीस जाफरी आपको यहां यह बता दूं कि इन निर्णयों में शहरी विकास, महिला सुरक्षा, शिक्षा, प्रशासनिक सुधार और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण जैसे मुद्दों पर विशेष जोर दिया गया है। सबसे चर्चित फैसलों में दस जिलों में 11 सैटेलाइट टाउनशिप बसाने की योजना शामिल है। सरकार का दावा है कि इन टाउनशिप को पूरी योजना के साथ विकसित किया जाएगा। जिनमें चौड़ी सड़कें, बाजार, पार्क, हरियाली और आधुनिक आवासीय सुविधाएं होंगी। तेजी से बढ़ते शहरों पर दबाव कम करने और लोगों को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इसे मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट बताया जा रहा है। साथ ही, इन टाउनशिप के नाम ऐतिहासिक आधार पर रखने की भी योजना है, ताकि स्थानीय पहचान और इतिहास को संरक्षित किया जा सके। तो वहीं दूसरी ओर बिहार सरकार उन नेताओं को रिझाने में जुटी है, जिन्हें मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिल पाई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिख कर 11 नेताओं को सचेतक मनोनीत किया है। इनमें दीघा के विधायक संजीव चौरसिया, बरौली से विधायक मंजीत सिंह, गोविंदगंज विधायक राजू तिवारी, पटना साहिब के विधायक रत्नेश कुमार, परिहार की विधायक गायत्री देवी जैसे नाम शामिल हैं। यह सभी मंत्री बनने की रेस में थे। लेकिन इन्हें मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिल पाई। अब उन्हें सचेतक बनाया गया है। मुख्य सचेतक को कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिलता है और सचेतक को राज्य मंत्री का। क्यों महत्वपूर्ण हैं इन नेताओं का चयन, अगर इस पर एक नजर डालते तो मालूम हो कि संजीव चौरसिया पार्टी के दिग्गज नेता हैं। दीघा से तीन बार के विधायक हैं। अति पिछड़ा चेहरा हैं। मुख्यमंत्री की रेस में भी उनका नाम था। बाद में यह माना जा रहा था कि पटना जिले से उन्हें मंत्री बनाया जाएगा। लेकिन वे दोनों नहीं बन पाए। पार्टी को इस वरिष्ठ नेता को एडजस्ट करना था। इसलिए एक वरिष्ठ विधायक विनोद नारायण झा की जगह उन्हें मुख्य सचेतक बनाया गया है। मंजीत सिंह उपमुख्य सचेतक बनाए गए हैं। वे जदयू के विधायक हैं। मंजीत सिंह तेजतर्रार नेता हैं। बीते दो सत्र में सदन में उनके सवालों ने मंत्रियों की मुश्किलें बढ़ाई हैं। जदयू के राजपूत चेहरों में उनकी गिनती होती है। आनंद मोहन के नाराजगी भरे बयानों के बीच उन्हें उपमुख्य सचेतक बना कर पार्टी ने राजपूत मतदाताओं को संदेश देने की कोशिश की है। एक और राजपूत नेता राणा रणधीर सिंह को भाजपा ने सचेतक बनाया है। राजू तिवारी चिराग पासवान की पार्टी लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। वे मंत्री बनना चाहते थे। लेकिन लोजपा कोटे से दो मंत्री पहले से बनाए जा चुके थे। इसलिए मंत्रिमंडल में उन्हें जगह नहीं मिल पाई। मंत्री न बनाए जाने के कारण वे नाराज भी थे। चर्चा थी कि वे प्रदेश अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इसलिए अब पार्टी ने उन्हें सचेतक बनाया है। रत्नेश कुमार पटना साहिब से विधायक हैं। उनकी गिनती सम्राट चौधरी के करीबी नेताओं में होती है। बंगाल चुनाव में वे सिलीगुड़ी के इलाके में प्रभारी थे। उन सीटों पर पार्टी को जीत मिली थी। चर्चा थी कि उन्हें भी मंत्री बनाया जा सकता है। लेकिन कुशवाहा जाति के मुख्यमंत्री और जदयू, आरएलपी से कुशवाहा नेताओं को मंत्री बनाए जाने के कारण उन्हें एडजस्ट नहीं किया जा सका। उन्हें अब सचेतक बनाया गया है। इसके अलावा .ष्ण कुमार ऋषि पहले भी मंत्री रहे हैं। उन्हें भी सचेतक बनाया गया है। सामाजिक और क्षेत्रीय समीकरण साधने के लिए ललित नारायण मंडल, रामविलास कामत, अरुण मांझी, गायत्री देवी को भी सचेतक बनाया गया।



नफीस जाफरी

## महिलाओं को साइबर सुरक्षा व हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना बसरेहर पुलिस द्वारा क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं एवं आमजन को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। अभियान वरिष्ठ पुलिस अध ीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान थाना बसरेहर पुलिस टीम ने महिलाओं एवं अन्य लोगों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 का उपयोग किया जा सकता है। पुलिस टीम ने साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। लोगों को जागरूक करते हुए बताया गया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और किसी संदिग्ध ा लिंक पर क्लिक करने से बचें। साथ ही ऑनलाइन लेन–देन एवं सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्क रहने की सलाह दी गई। अभियान के दौरान महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट वितरित कर सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता को लेकर लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं।

## आईटीबीपी कैंप में आंधी तूफान से बड़ा नुकसान

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। 46 वीं वाहिनी आई०टी०बी०पी० कैम्प डलमऊ में अचानक आई तेज आंधी–तूफान, बरसात, ओले एवं खराब मौसम के कारण कैम्प परिसर में आंशिक रूप से काफी नुकसान हुआ। इस दौरान तेज हवाओं के प्रभाव से कुछ स्थानों पर हॉर्डिंग–बैनर, संचार व बिजली के तार, पेड़ एवं शाखाएँ टूटकर गिर गई, जिससे वाहिनी परिसर में विद्युत आपूर्ति एवं संचार व्यवस्थाएँ अस्थायी रूप से प्रभावित हुई। कुछ अस्थायी संरचनाओं एवं शेडों को भी क्षति पहुँची है। इसके अतिरिक्त लाइन, कार्यालय परिसर एवं आवासों की खिड़कियों के शीशे एवं स्टोर आदि के प्रयोग में आने वाले टेंटों के अलावा कुछ सरकारी सम्पत्ति को क्षति पहुंचीं है। इस घटना के तुरन्त बाद अभय चन्द कमांडेंट 46वीं वाहिनी द्वारा आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर उनको सुरक्षित करते हुये तुरन्त मरम्मत एवं बहाली कार्य प्रारंभ करने के आदेश दिये गये। राहत की बात यह रही कि इस प्रा.तिक आपदा में किसी प्रकार की कोई जनहानि अथवा गंभीर चोट की सूचना नहीं हुई है। इस सन्दर्भ में सक्षम अधिकारी द्वारा अभियन्ता शाखा को क्षति का आंकलन कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने बावत निर्देश जारी किया गया है। वाहिनी के अधिकारी, जवान एवं संबंधित समवाय एवं शाखाएं स्थिति को सामान्य करने हेतु सतत कार्यरत हैं तथा वाहिनी द्वारा आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए गये।

# "देश में अनिवार्य नहीं होगा "वर्क फ्रॉम होम"



गुलफिशा खान

उत्तर प्रदेश में अब सरकारी दतरों की कार्यसंस्कृति में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। प्रदेश की योगी सरकार ने बिजली बचाने और खर्च कम करने को नई दिशा देते हुए महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। नई कार्यसंस्कृति के तहत मुख्यमंत्री ने 50 से अधिक कर्मचारियों वाले संस्थानों में सप्ताह में कम से कम दो दिन वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था अपनाने पर भी बल दिया है। वहीं अगर दिल्ली की भाजपा सरकार की बात करें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल–डीजल बचाने की अपील के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कई बड़े ऐलान किए. इसमें उन्होंने बताया कि दिल्ली के सभी सरकारी दतरों में हते में दो दिन वर्क फ्रॉम होम रहेगा। उन्होंने कहा कि प्राइवेट ऑफिसेस से भी वर्क फ्रॉम होम अपनाने की अपील की जाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ये सारे ऐलान तब किए जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले हते दो बार देशवासियों से पेट्रोल–डीजल बचाने और सोना न खरीदने की अपील की थी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्क फ्रॉम होम करने और मेट्रो से सफर करने की भी अपील की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने काफिले को छोटा कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस अपील के बाद देशभर में कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी अपना काफिले से गाड़ियां कम कर दी हैं, ताकि पेट्रोल बचाया जा सके। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के काफिले में भी अब सिर्फ 4 ही गाड़ियां हैं, जिनमें से दो ईवी हैं। गौरतलब है कि देशभर में ईंधन संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से कम पेट्रोल–डीजल इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने दतरों में वर्क फ्रॉम होम कल्चर को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। इसके बाद वर्क फ्रॉम होम अनिवार्य करने की खबरें सामने आईं। इस बीच सरकारी सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार कंपनियों या आईटी सेक्टर के







लिए वर्क फ्रॉम होम की कोई अनिवार्य नीति लाने पर विचार नहीं कर रही है। मालूम हो कि यह स्पष्टीकरण उन अटकलों के बाद आया है कि वैश्विक अनिश्चितता और ईंधन की कीमतों को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच सरकार कंपनियों को बड़े पैमाने पर रिमोट वर्किंग की ओर धकेल सकती है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री की टिप्पणियों को गलत समझा जा रहा था और कुछ हलकों में उन्हें गलत तरीके से कड़े नियम के रूप में पेश किया जा रहा था। सूत्रों के अनुसार, सरकारी खर्च में कटौती करने, कल्याणकारी योजनाओं को कम करने या बुनियादी ढांचे में निवेश पर रोक लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। सरकार का फोकस आर्थिक विकास को बनाए रखने पर है, साथ ही वह नागरिकों और कंपनियों को संसाधनों का अधिक सावधानी से उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में लोगों से अपील की थी कि वे अनावश्यक ईंधन की खपत कम करें, जहां संभव हो सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें और ऐसी स्थितियों में श्वर्क फ्रॉम होमश या वर्चुअल मीटिंग को अपनाएं जहां व्यक्तिगत रूप से यात्रा करने से बचा जा सकता हो। अधिकारियों ने कहा कि इस अपील को वैश्विक अनिश्चितता के दौर में, विशेष रूप से मिडिल ईस्ट में तनाव और अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल बाजारों में उतार–चढ़ाव के कारण, विवेकपूर्ण और जिम्मेदार खपत के आह्वान के रूप में देखा जाना चाहिए। सरकार सड़कों, रेलवे, रक्षा, बुनियादी ढांचे और कल्याणकारी कार्यक्रमों पर कैपिटल एक्सपेंडिचर को लगातार बनाए हुए है। अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक निवेश में किसी भी तरह की कटौती या वापसी का कोई संकेत नहीं मिला है। वहीं प्रधानमंत्री के संदेश को आंतरिक रूप से फिजूलखर्ची कम करने और ईंधन आयात और विदेशी मुद्रा के आउटलो पर दबाव घटाने के एक प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। सूत्रों ने आगे कहा कि इसका उद्देश्य उत्पादकता या विकास को प्रभावित किए बिना, कार्यकुशलता और जिम्मेदार आर्थिक व्यवहार को प्रोत्साहित करना है। कई कंपनियों ने भी परिचालन लागत और ईंधन के उपयोग को कम करने के लिए अपनी यात्रा नीतियों की समीक्षा करना और वर्चुअल मीटिंग को बढ़ावा देना शुरू कर दिया है। लेकिन अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ये उनके फैसले हैं और किसी भी सरकारी निर्देश का हिस्सा नहीं हैं। सूत्रों के अनुसार, सरकार का रुख यह है कि मौजूदा स्थिति में आर्थिक सावधानी और अधिक समझदारी भरी खपत की आवश्यकता है, न कि कड़ाई की।

# ट्रंप का चीन दौरा-डिप्लोमैटिक "डाउनग्रेड"



फरीद वारसी

अमेरिकी और चीनी राष्ट्राध्यक्षों डोनाल्ड ट्रंप और शी जिनपिंग के बीच चीन के बीजिंग में हुई हाई प्रोफाइल मुलाकात में ईरान युद्ध, यूक्रेन संकट, व्यापार, टेक्नोलॉजी जैसे बड़े मुद्दों के बीच कुछ ऐसे पल भी आए जिसने दुनिया का ध्यान खींच लिया। बैठक की शुरुआत में ट्रंप ने शी जिनपिंग की जमकर तारीफ की और बोले कि दोनों एक दूसरे को लंबे समय से जानते हैं और मुश्किल से मुश्किल वक्त में भी साथ मिलकर रास्ता निकालते रहे हैं। ट्रंप ने मुस्कुराते हुए कहा, "आपका दोस्त होना मेरे लिए सम्मान की बात है।" फिर वे बोले कि फोन पर हम दोनों बातें करते रहते हैं और हमारे बीच संबंध शानदार रहे हैं। लेकिन दिलचस्प बात यह रही कि शी जिनपिंग ने ट्रंप की तरह गर्मजोशी वाला भाव नहीं दिखाया। जिनपिंग साफ लहजों में बोले– अमेरिका और चीन को प्रतिद्वंद्वी नहीं साझेदार बनना चाहिए। जानकारों के मुताबिक यह चीन की ओर से एक संतुलित और नियंत्रित संदेश था। जिनपिंग विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को अपने सबसे करीबी दोस्त पहले ही बता चुके हैं। मालूम हो कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बीते शुक्रवार को चीन की अपनी तीन दिवसीय यात्रा पूरी कर बीजिंग से रवाना हो गए। इस दौरान उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ ईरान युद्ध और व्यापार सहित कई मुद्दों पर कई दौर की बातचीत की। हालांकि ईरान,



ताइवान और अन्य मुद्दों पर दोनों नेताओं के बीच गहरे मतभेद बने हुए हैं। यह नौ सालों में किसी अमेरिकी राष्ट्रपति की चीन की पहली यात्रा थी। ट्रंप खुद 2017 में चीन की यात्रा करने वाले आखिरी अमेरिकी राष्ट्रपति थे। लेकिन कूटनीतिक हलकों में पिछली बार की तुलना में इस यात्रा को कमतर माना जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास और कार्यालय 'व्हाइट हाउस'' द्वारा जारी दोनों नेताओं की बैठक के ब्योरे के अनुसार, दोनों देश इस बात पर सहमत हुए कि होर्मुज जलडमरूमध्य खुला रहना चाहिए। वहीं ट्रंप ने शी और उनकी पत्नी को 24 सितंबर को 'व्हाइट हाउस' में आमंत्रित भी किया है। ट्रंप की इस यात्रा को कूटनीतिक हलकों में 2017 की तुलना में कमतर माना जा रहा है। उन्हें रिसीव करने के लिए चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग आए, जिनके पास नीति निर्धारण की कोई वास्तविक शक्ति नहीं है। यह संकेत है कि चीन अब अमेरिका को पहले जैसी तवज्जो नहीं दे रहा है। जिनपिंग ने ट्रंप के सामने प्राचीन यूनानी दर्शन थ्यूसिडाइड्स ट्रैप का जिक्र किया। इसके जरिए उन्होंने साफ संदेश दिया कि चीन अब एक स्थापित महाशक्ति (अमेरिका) को चुनौती देने वाली उभरती हुई ताकत है और अमेरिका को इस सच्चाई को स्वीकार करना होगा। ताइवान मुद्दे पर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग का रुख बेहद कड़ा रहा। उन्होंने इसे शांति बनाम आजादी की लड़ाई बताते हुए अमेरिका को स्पष्ट चेतावनी दी कि गलत कदम दोनों देशों को युद्ध की ओर ले जा सकता है। इस मुद्दे पर ट्रंप की खामोशी विशेषज्ञों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर डोनाल्ड ट्रंप को 500 बोइंग विमानों के ऑर्डर की उम्मीद थी, लेकिन चीन ने केवल 200 जेट्स का सौदा किया। यह दर्शाता है कि व्यापारिक शर्तों पर अब चीन की पकड़ मजबूत है और वह अपनी मर्जी से सौदे की मात्रा तय कर रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, ट्रंप अब रिस्क मैनेजमेंट मोड में हैं। अमेरिकी तकनीक और रक्षा उद्योग के लिए जरूरी रेयर अर्थ मिनरल्स पर चीन का 90 प्रतिशत कब्जा है, जिसके कारण ट्रंप को अपने कड़े तेवर ढीले करने पड़े हैं। जबकि ईरान मुद्दे पर कोई बड़ी या ठोस डील नहीं हो सकी। दोनों पक्ष केवल इस बात पर सहमत हुए कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होने चाहिए, लेकिन क्षेत्रीय तनाव को कम करने के लिए कोई प्रभावी रोडमैप सामने नहीं आया।

# सरकारी स्कूलों की चुनौतियां और बदलता शिक्षा परिदृश्य

अरुण कुमार डनायक

शिक्षा किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति, सामाजिक गतिशीलता और लोकतांत्रिक सशक्तिकरण की आधारशिला है। शिक्षा पर जीडीपी का 6प्रतिशत व्यय करने की दशकों पुरानी सिफारिश के बावजूद भारत अभी भी लगभग 4.6प्रतिशत पर अटका हुआ है। यह निवेश अंतर सीखने की गुणवत्ता को सीमित करने के अलावा भारत की प्रगति की गहराई, समावेशिता और दीर्घकालिक स्थिरता पर भी संरचनात्मक बाधाएं खड़ी करता है। नीति आयोग की मई 2026 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय स्कूली शिक्षा संरचनात्मक असंतुलन, अवसंरचना की कमी, शिक्षक संकट और शासन कमजोरियों से जूझ रही है। देश में 7.3 लाख प्राथमिक विद्यालय हैं, जबकि उच्चतर माध्यमिक स्तर पर यह संख्या घटकर मात्र 1. 42 लाख रह जाती है। प्राथमिक से उच्चतर माध्यमिक तक निरंतर शिक्षा देने वाले स्कूलों की कमी के कारण छात्रों को बार–बार स्कूल बदलना पड़ता है, जिससे ग्रामीण, गरीब और बालिका विद्यार्थियों की शैक्षणिक निरंतरता प्रभावित होती है। कई विद्यालय न्यूनतम नामांकन के कारण आर्थिक व प्रशासनिक रूप से अप्रभावी हैं। कुछ विद्यालयों में नामांकन न होने के बावजूद वे प्रशासनिक संरचना में बने हुए हैं, जिससे संसाधनों की दक्षता पर प्रश्न उठते हैं। एक गंभीर समस्या एकल–शिक्षक विद्यालयों की है कृ देश में एक लाख से अधिक स्कूलों में एक ही शिक्षक को शिक्षण के साथ प्रशासनिक दायित्व भी निभाने पड़ते हैं, जिससे गुणवत्ता प्रभावित होती है। अवसंरचना के स्तर पर पिछले वर्षों में सुधार के बावजूद स्थिति अभी भी चिंताजनक है। नीति आयोग के अनुसार लगभग 1.19 लाख विद्यालयों में बिजली उपलब्ध नहीं है। 14,505 विद्यालयों में पीने के पानी की सुविधा नहीं है और लगभग 60,000 विद्यालयों में हाथ धोने की व्यवस्था नहीं है। बालिका शिक्षा के लिए शौचालयों की कमी गंभीर है। करीब 98,592 स्कूलों में कार्यशील बालिका शौचालय नहीं हैं, जिससे किशोरियों की उपस्थिति और निरंतरता प्रभावित होती है। विज्ञान शिक्षा कमजोर हैकृ मात्र 51.7 प्रतिशत सरकारी माध्यमिक स्कूलों में कार्यात्मक प्रयोगशालाएं हैं। पुस्तकालय मुख्यतः भंडारण तक सीमित हैं। डिजिटल अवसंरचना की असमानता, विशेषकर बिहार और पूर्वोत्तर राज्यों में, नई शिक्षा नीति के लक्ष्यों को प्रभावित कर रही है। राष्ट्रीय शिक्षण आकलन रिपोर्ट दर्शाती हैं कि अनेक विद्यार्थी कक्षा के अनुरूप पढ़ने और गणितीय दक्षता हासिल नहीं कर पा रहे हैं इसलिए केवल नामांकन नहीं, सीखने की गुणवत्ता सुध ारना भी आवश्यक है। बालिकाओं के नामांकन में बढ़ोतरी के बावजूद, घरेलू काम, बाल विवाह, सुरक्षा, परिवहन और सुविधाओं की कमी के चलते माध्यमिक स्तर पर ड्रॉपआउट दर अधिक बनी हुई है। प्रवासी बच्चों की स्थिति बदतर है, वे भाषा, दस्तावेजों की कमी और बार–बार स्कूल बदलने से शिक्षा से वंचित हो जाते हैं। शिक्षकों में पर्याप्त जागरूकता व प्रशिक्षण के अभाव के कारण सीखने की अक्षमताएंकृ जैसे डिस्लेक्सिया और डिस्कैल्कुलियाकृअक्सर पहचान से बाहर रह जाती हैं। भारतीय शिक्षा प्रशासन केंद्र, राज्य, जिला, ब्लॉक और पंचायत स्तरों पर विभाजित है। बहु–स्तरीय प्रशासन में भूमिकाओं की अस्पष्टता और ओवरलैप से निर्णय–प्रक्रिया ध ीमी हो जाती है। कई राज्यों में शिक्षकों के पद रिक्त हैं। विद्यालय प्रमुखों की नियुक्ति वरिष्ठता के आधार पर होती है, न कि नेतृत्व क्षमता पर। निरीक्षण प्रणाली शिक्षण गुणवत्ता की अपेक्षा कागजी अनुपालन तक सीमित रहती है। शिक्षक गैर–शैक्षणिक कार्यों (सर्वेक्षण, चुनाव ड्यूटी आदि) में व्यस्त रहते हैं, जिससे वास्तविक शिक्षण समय कम हो जाता है। इन चुनौतियों से परेशान अभिभावक निजी स्कूलों की ओर तेजी से जा रहे हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट बताती है कि सरकारी स्कूलों का नामांकन 2005 के 71प्रतिशत से घटकर 2024–25 में 49प्रतिशत रह गया है, जबकि निजी स्कूलों की माध्यमिक स्तर पर हिस्सेदारी 44 प्रतिशत पहुंच गई है। अभिभावक बेहतर अंग्रेजी, अनुशासन और बालकों के भविष्य की उम्मीद में निजी स्कूल चुनते हैं, लेकिन निजी विद्यालयों में भी सीखने के परिणाम कमजोर हैं। कई स्कूल निर्धारित मानकों का पालन नहीं करते तथा निगरानी भी अपर्याप्त है। यह रुझान सरकारी कमियों के साथ–साथ अभिभावकों की बढ़ती आकांक्षाओं और सामाजिक–आर्थिक दबावों का संकेत भी है। सरकार ने इन चुनौतियों को देखते हुए कुछ कदम उठाये हैं। जवाहर नवोदय विद्यालयों की तर्ज पर पीएम श्री योजना के अंतर्गत 14,500 स्कूलों को आधुनिक, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी–सक्षम और हरित आदर्श विद्यालयों के रूप में विकसित किया जा रहा है। 27,360 करोड़ रुपये के निवेश से 5 वर्षों में 18 लाख छात्रों को लाभ होने की उम्मीद है, हालांकि कार्यान्वयन राज्यों में असमान है। नीति आयोग ने 2017 में झारखंड, ओडिशा और मध्य प्रदेश में सतत कार्रवाई–शिक्षा (एसएटीएच–ई) परियोजना शुरू की, जिसका उद्देश्य शैक्षणिक एवं प्रशासनिक सुधारों के माध्यम से सीखने के परिणामों में सुधार लाना था। प्रारंभिक चरण में 15–18प्रतिशत तक सुधार तथा कम नामांकन वाले हजारों विद्यालयों के विलय जैसे सकारात्मक परिणाम सामने आए। इसी प्रकार राजस्थान सहित कुछ राज्यों ने भी अपने स्कूल रेशनलाइजेशन कार्यक्रम के तहत बिखरे और कम नामांकन वाले विद्यालयों को एकीकृत कर बेहतर संसाधनों वाले बड़े विद्यालयों में परिवर्तित किया, जिससे शिक्षक तैनाती और अवसंरचना में सुधार हुआ। हालांकि, इन पहलों का प्रभाव सीमित और असमान रहा। राज्यों की प्रशासनिक क्षमता की कमजोरी, शिक्षक रिक्तियां, ग्रामीण विरोध, संस्थागत सीमाएं तथा कोविड–19 जैसी बाधाओं ने इनके दीर्घकालिक और व्यापक प्रभाव को बाधित किया। 2016 से शुरू अटल टिंकरिंग लैब्स का उद्देश्य छात्रों को नवाचार आधारित प्रयोगों से जोड़ना था, लेकिन जटिल प्रक्रिया, संसाधन और प्रशिक्षित स्टाफ की कमी से कई सरकारी विद्यालय इसका लाभ नहीं उठा सके। बेहतर अवसंरचना के कारण निजी विद्यालयों ने इसका अधिक लाभ उठाया, जबकि सरकारी स्कूलों में यह पहल विज्ञान प्रयोगशालाओं की मूलभूत कमी दूर करने में सीमित रही। इन सभी पहलों का सार यह है कि सरकार शिक्षा प्रणाली को अधिक आधुनिक, सक्षम और परिणाम–उन्मुख बनाने के लिए प्रयासरत है। मॉडल स्कूलों का निर्माण, राज्यों के साथ साझेदारी और विद्यालयों का पुनर्गठन जैसे कदम शिक्षा सुधार की दिशा में सकारात्मक संकेत देते हैं। हालांकि, पिछले अनुभवों से पता चलता है कि ये प्रयास अक्सर नीतिगत दस्तावेजों तक सीमित रह जाते हैं और जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू नहीं हो पाते। यही कारण है कि विद्यालयी शिक्षा व्यवस्था अभी भी कई



संरचनात्मक चुनौतियों से जूझ रही है। परिवर्तन के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षक प्रशिक्षण, समावेशी नीतियां और पारदर्शी शिक्षा शासन अत्यंत आवश्यक हैं। इसलिए इन सुधारों को व्यापक, गहन और टिकाऊ रूप देना समय की मांग है। शिक्षा केवल साक्षरता नहीं है, बल्कि दीर्घकालिक आर्थिक विकास और लोकतांत्रिक सशक्तिकरण की आध ारशिला है। अतरू नीतिगत बदलाव के नाम पर अव्यवहार्य योजनाओं को पुनर्जीवित करने और पाठ्यक्रम से छेड़छाड़ करने के बजाय, मौजूदा स्कूल अधोसंरचना, शिक्षक क्षमता और शिक्षण गुणवत्ता में निरंतर निवेश करना अधिक आवश्यक है।

(लेखक एवं समाजसेवी)

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 48 शिकायतें पहुंचीं

## – जमीन संबंधी मामलों की रही सबसे अधिक संख्या

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। तहसील चकरनगर में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने जनसमस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी संबंधित कर्मचारियों के साथ





मौके पर पहुंचकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनें और समस्याओं का निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच कर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही गांवों के भ्रमण के दौरान विभागीय योजनाओं का सत्यापन कर लाभार्थियों से फीडबैक लेने के भी निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 48 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरण संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें जमीन संबंधी मामलों की प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित मामलों में देरी का कारण स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए तथा सभी प्रकरणों का निस्तारण अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए थानाध्यक्षों को प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर शिकायतों के निस्तारण के संबंध में शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लिया जा रहा है, इसलिए सभी मामलों का गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण किया जाए। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी चकरनगर, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जनता की सुविधा के लिए वाटर कूलर की कराई सफाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, वरिष्ठ सभासद एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला उपाध्यक्ष शरद बाजपेयी ने भीषण गर्मी को देखते हुए जनता को स्वच्छ एवं ठंडा पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छैराहा हनुमान मंदिर पर लगे वाटर कूलर की सफाई कराकर उसे



पुनः सुचारु कराया। इस दौरान नया प्लग लगवाने के साथ ही वाटर कूलर एवं पानी की टंकी की साफ–सफाई भी कराई गई। बताया गया कि यह वाटर कूलर शरद बाजपेयी द्वारा अपने पहले कार्यकाल में लगवाया गया था। इससे पूर्व भी वह दो बार नया कम्प्रेशर बदलवा चुके हैं। इसके अलावा स्टेप लाइजर, नई टोंटियां, पानी की मोटर तथा नई पाइप लाइन लगवाकर वाटर कूलर को दुरुस्त कराया गया था। शरद बाजपेयी ने कहा कि उन्होंने अपने क्षेत्र में चार स्थानों पर नए वाटर कूलर लगाए जाने की सूची दी थी, लेकिन तीन वर्षों में अब तक एक भी नया वाटर कूलर नहीं लगाया गया। उन्होंने कहा कि जनता को गर्मी में ठंडा पानी उपलब्ध हो सके, इसके लिए वह हर वर्ष वाटर कूलर की सफाई एवं आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था कराते हैं। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा और इटावा का विकास उनके लिए सर्वोपरि है तथा वह अपनी क्षमता से अधिक जनता के हित में कार्य करते रहेंगे।

# सियासी कुश्ती : विजय मिश्र का सपा नेताओं की बयानबाजी पर पलटवार

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। सदर विधायक रहे पूर्व मंत्री और भाजपा नेता विजय मिश्र ने समाजवादी पार्टी के नेताओं के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए जमानियां



विधानसभा के सपा विधायक ओमप्रकाश सिंह पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा नेताओं द्वारा दिए जा रहे आपत्तिजनक बयान राजनीतिक मर्यादा के खिलाफ हैं। विजय मिश्र ने कहा कि ओमप्रकाश सिंह ने विकास पुरुष रहे मनोज सिन्हा पर गलत टिप्पणी की है, उनको दूसरों पर टिप्पणी करने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि ओमप्रकाश सिंह ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में गाजीपुर के विकास के लिए कोई ठोस कार्य नहीं किया है, जबकि जनता आज उनसे जवाब मांग रही है। भाजपा नेता ने जम्मू कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा का बचाव करते हुए कहा कि मनोज सिन्हा गाजीपुर के गौरव हैं और उन्होंने जिले की कई बड़ी जरूरतों को पूरा किया है। सपा नेताओं की टिप्पणी को उन्होंने दुर्भाग्यपूर्ण बताया। विजय मिश्र ने ओमप्रकाश सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जनता उन्हें खनन माफिया, भू माफिया, शराब माफिया और स्थानांतरण गिरोह के सरगना के रूप में जानती है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस और सपा के पास कोई ठोस रोडमैप नहीं है और वे केवल आरोप–प्रत्यारोप की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मिल रहे व्यापक जनसमर्थन से विपक्षी दल हताश हैं और इसी वजह से वे अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। विजय मिश्र ने कहा कि वर्तमान समय में राजनीति का स्तर गिर गया है और गाली–गलौज की प्रतिस्पर्धा चल रही है। उन्होंने विपक्ष पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का भी आरोप लगाया। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की ईंधन बचाने और अनावश्यक सोने की खरीद से बचने की अपील का समर्थन करते हुए कहा कि देशहित में जनता को इन सुझावों का पालन करना चाहिए।

# द टीचर ऐप का शुभारम्भ, डिजिटल शिक्षा को मिलेगा नया आयाम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारती एयरटेल फाउंडेशन तथा नीति आयोग के सहयोग से तैयार किये गये द टीचर ऐप को विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से जनपद में लॉन्च किया गया। इस अवसर पर समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, एसआरजी, एआरपी तथा प्रत्येक विकासखंड के प्रधानाध्यापक एवं अध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडीओ श्री धनवंता ने कहा कि वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए तकनीक का उपयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि द टीचर ऐप को केवल शिक्षण सामग्री तक सीमित न रखते हुए इसे शिक्षकों के दैनिक शैक्षिक कार्यों, नवाचारों एवं विद्यार्थियों की अधिगम प्रगति से जोड़ते हुए एक समग्र डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे ऐप के माध्यम से अपने श्रेष्ठ शिक्षण अनुभव, नवाचार एवं गतिविधियाँ साझा करें, जिससे जनपद में एक सकारात्मक शैक्षिक प्रतिस्पर्धा एवं सीखने का वातावरण विकसित हो सके। कार्यक्रम के दौरान साक्षरता भारती अभियान की पुस्तिका का विमोचन मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व भारती एयरटेल फाउंडेशन के स्टेट प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर द्वारा किया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह पुस्तिका शिक्षा के क्षेत्र में जनजागरूकता, साक्षरता प्रसार एवं समुदाय की सहभागिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस पुस्तिका के माध्यम से स्कूलों में पढ़ रहे शिक्षित बच्चे अपने अभिभावक को शिक्षित करने का कार्य आगामी ग्रीष्मावकाश में करेंगे। भारती एयरटेल फाउंडेशन का "द टीचर ऐप" सभी के लिए पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध रहेगा। यह एंड्रॉयड, आई ओ एस एवं वेब प्लेटफॉर्म तीनों माध्यमों क्रियाशील है, जिससे शिक्षक मोबाइल, टैबलेट एवं कंप्यूटर किसी भी डिवाइस पर आसानी से इसका उपयोग कर सकेंगे। ऐप हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है। ऐप में शिक्षकों के लिए अनेक आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं जिनमें डिजिटल पाठ योजना निर्माण, ई–कंटेंट एवं वीडियो आधारित शिक्षण सामग्री, विषयवार प्रश्न बैंक एवं अभ्यास सामग्री, ऑनलाइन प्रशिक्षण मॉड्यूल, शिक्षकों के मध्य शैक्षिक सामग्री साझा करने की सुविधा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित स्मार्ट सहायता एवं सुझाव, नवाचारी शिक्षण गतिविधि



यों को मंच प्रदान करेगा। बीएसए ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व एनसीएफ 2023 का इस एप्लीकेशन में समायोजन काफी सराहनीय है। ऐप शिक्षकों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के साथ–साथ विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को बढ़ावा देगा तथा विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर भारती एयरटेल फाउंडेशन के स्टेट प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर ब्रजेश भारद्वाज एवं बहराइच, श्रावस्ती और लखनऊ की भारती एयरटेल फाउंडेशन की टीम तथा खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग मिश्रा, अरविंद बहादुर सिंह, कमलेश कुमार मिश्र, अनूप कुमार सिंह, राधेश्याम वर्मा रंजीत कुमार डाली मिश्रा राकेश कुमार, राजेश कुमार मिश्र, अतुल त्रिपाठी, रमेश द्विवेदी, सुनील पांड्येय, राजकुमार पांड्येय, सुधीर मेहरोत्रा, मनोज दीक्षित, प्रीति श्रीवास्तव, कुमार अभय, श्रवण मिश्र, पवन दुबे अमित कुमार पांडे आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# बीमार पति की बेबस पत्नी को बैनामाशुदा जमीन पर मकान बनाने से रोका

## - थाने में सुनवाई न होने पर पीड़िता ने तहसील दिवस में लगाई गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर तहसील क्षेत्र के असोथर थाना इलाके में कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए दबंगों का एक बेहद अमानवीय चेहरा सामने आया है। यहाँ सभी कानूनी दस्तावेज, बैनामा और खतौनी होने के बावजूद कुछ दबंग एक असहाय और गरीब महिला को उसकी खुद की जमीन पर मकान नहीं बनाने दे रहे हैं। स्थानीय थाने से कोई मदद न मिलने से हताश होकर पीड़िता ने आखिरकार तहसील दिवस का दरवाजा खटखटाया और उपजिलाधिकारी के सामने न्याय की गुहार लगाई। यह पूरा मामला अशोथर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बब्बू का डेरा मजरे सरकंडी गांव का है। यहाँ की निवासी सीमा देवी के पति कामता प्रसाद लंबे समय से गंभीर रूप से बीमार चल रहे हैं, जिसके कारण पूरा परिवार आर्थिक और मानसिक रूप से बेहद लाचार है। अपने सिर को छुपाने के लिए सीमा देवी ने बीते साल 12 फरवरी 2024 को ग्राम सरकंडी में स्थित खाता संख्या 562, गाटा संख्या 2701 के तहत 244 वर्गमीटर भूमि का बकायदा पंजी.त बैनामा अपने नाम कराया था। इस जमीन का सरकारी रिकॉर्ड यानी खतौनी में भी सीमा देवी का नाम दर्ज हो चुका है, जिससे यह साफ है कि वह जमीन की वैध मालकिन हैं। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने अपने इस वैधानिक भूखंड पर रहने के लिए मकान का निर्माण कार्य शुरू कराया, तो गांव के ही रसूखदार दबंग अखिलेश निषाद, मिथलेश निषाद, विमलेश निषाद और कमलेश निषाद, जो कि राम.पाल के पुत्र हैं, वहां लाठी–डंडों के साथ आ धमके और काम को जबरन रुकवा दिया। जब बेबस महिला ने इस अन्याय का विरोध किया, तो आरोपियों ने मर्यादा की सारी हदें पार करते हुए उसे खुलेआम धमकी दी। दबंगों ने अहंकार में चूर होकर कहा कि तुम चाहे तहसील चली जाओ या थाना, हम यहाँ मकान किसी कीमत पर नहीं बनने देंगे। इसके साथ ही उन्होंने महिला को जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे उसका पूरा परिवार खौफ के साए में जीने को मजबूर है। परेशान पीड़िता ने कानून का सहारा लेते हुए कुछ दिनों पहले थाना अशोथर में आरोपियों के खिलाफ लिखित तहरीर दी थी। लेकिन स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान तब खड़ा हो गया जब इतनी गंभीर शिकायत के बाद भी अब तक मामला दर्ज नहीं किया गया। पुलिस की इस ढिलाई का फायदा उठाकर आरोपियों के हौसले और बुलंद हो गए हैं। वे अब सरेआम गांव में कहते फिर रहे हैं कि पुलिस उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती और कानून उनकी जेब में है। पीड़िता सीमा देवी ने रोते हुए अपनी आपबीती सुनाई कि उसका पति बिस्तर पर है, जिसके कारण वह बिल्कुल अकेली पड़ गई है। परिवार के पास रहने के लिए कोई दूसरा पक्का आशियाना नहीं है। आने वाले दिनों में बरसात का मौसम सिर पर है और ऐसी स्थिति में दबंगों की प्रताड़ना के कारण वह इस भीषण गर्मी और आने वाली बारिश में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। स्थानीय स्तर पर कोई राहत न मिलने के बाद, हार मानकर पीड़िता शनिवार १६ मई को सदर तहसील में आयोजित तहसील दिवस में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) के समक्ष पेश हुई। उसने रो–रोकर अपनी व्यथा सुनाई और अशोथर थानाध्यक्ष की शिथिलता की शिकायत करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। पीड़िता ने एसडीएम से गुहार लगाई है कि उसकी जमीन का तत्काल सरकारी सीमांकन (पैमाइश) कराया जाए और पुलिस सुरक्षा के साए में उसका मकान निर्माण कार्य दोबारा शुरू करवाया



जाए ताकि उसका परिवार सुरक्षित रह सके। उपजिलाधिकारी ने इस पूरे संवेदनशील मामले को बेहद गंभीरता से लिया है। उन्होंने बेबस महिला को उचित न्याय का भरोसा दिलाते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करने और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने के कड़े निर्देश जारी किए हैं।

# डीएम ने लखपति दीदियों से किया संवाद

## - समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जनपद में संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत लखपति महिला कार्यक्रम से जुड़ी महिलाओं, लखपति दीदियों के साथ आज जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा रायफल क्लब में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विकास खण्डों से आई लखपति दीदियों द्वारा अपने स्वरोजगार, बैंकिंग सेवाओं, ऋण वितरण, सीसीएल स्वी.ति एवं मार्केटिंग से संबंधित समस्याओं एवं अनुभवों को साझा किया। संवाद के दौरान अधिकांश महिलाओं द्वारा बैंकों से संबंधित समस्याएं प्रमुख रूप से उठाई गईं। महिलाओं ने बताया कि ऋण स्वी.ति में अनावश्यक विलंब, शाखाओं में समुचित सहयोग न मिलना, दस्तावेजों की बार–बार मांग तथा बैंक स्तर पर समन्वय की कमी के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित बैंक अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों एवं लखपति दीदियों को शासन की प्राथमिकता योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि समूह की महिलाओं को




अनावश्यक रूप से बैंक शाखाओं के चक्कर न लगाने पड़ें तथा ऋण संबंधी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि समूह की महिलाओं से प्राप्त समस्याओं का संकलन कर उनका शीघ्र समाधान कराया जाए इसकी पाक्षिक समीक्षा की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि लखपति महिला कार्यक्रम महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम है, उन्होने सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर महिलाओं को स्वरोजगार एवं आजीविका गतिविधियों में पूर्ण सहयोग प्रदान करें। जिलाधिकारी द्वारा उपायुक्त स्वतः रोजगार को निर्देशित किया गया कि विकास भवन परिसर एवं कलेक्ट्रेट में समूहों द्वारा उत्पादित उत्पादों के बिक्री हेतु सरस शो रूम स्थापित कराएं। सी.एम. युवा के आवेदन जो समूह सदस्यों द्वारा किये गए हैं उन्हें दो दिवस में वितरण कराये जाने हेतु सम्बन्धित बैंक अधिकारियों एवं उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया गया, सभी समूह सदस्यों को सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं से आच्छादित किये जाने हेतु बैंकर्स एवं उपायुक्त स्वतः रोजगार को निर्देशित किया गया। उपस्थित सभी ब्लाक मिशन प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि सभी पात्र समूह सदस्यों को श्रम विभाग में पंजीकरण कराते हुए उनकी योजनाओं से लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। विकास खण्ड देवकली के ग्राम पंचायत पहाडपुर की उन्नति जो अंतर्गत जूट वाल हैंगिंग का कार्य कर रही है, उसे सी0एम युवा उद्यमी योजना का ऋण दिलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। संवाद कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद, उपायुक्त स्वतः रोजगार, उपायुक्त उद्योग, यूनियन बैंक आफ इंडिया व यूपी ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक, अग्रणी जिला प्रबन्धक, जिला मिशन प्रबंधक, समस्त सहायक विकास अधिकारी, ब्लाक मिशन प्रबन्धक एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# सेना में जूनियर कमीशंड अफसर बन अनुज ने किया नाम रोशन



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। कौन कहता है आसमान में सुराख नहीं हो सकता, जरा एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारो, इन पंक्तियों को चरितार्थ करते हुए एक होमगार्ड जवान के पुत्र ने इंडियन आर्मी में जूनियर कमीशंड अफसर बनकर न सिर्फ अपने परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि जनपद को भी गौरवांवित करने का काम किया है। अतर्रा तहसील के ओरहा गांव निवासी रिटायर्ड होमगार्ड जवान शिवश्याम शुक्ला के सुपुत्र आशुतोष शुक्ला उर्फ अनुज ने अपने दूसरे प्रयास में इंडियन आर्मी में जूनियर कमीशंड अफसर की परीक्षा पास करके अपने परिवार का नाम रोशन किया है। बता दें कि अनुज का पूरा जीवन अपने आप में कठिन संघर्ष का जीता जागता उदाहरण है। बताते हैं कि अनुज के जन्म के साथ ही उसकी मां का दुखद निधन हो गया और उसके पालन पोषण का जिम्मा चिल्ला क्षेत्र के पदारथपुर गांव निवासी फूफा फूलचंद्र तिवारी व बुआ सियादुलारी ने उठाया। अच्छे संस्कारों और संघर्ष के बीच अनुज खरा सोना बनकर निकला और सेना में जूनियर कमीशंड अफसर के रूप कामयाबी के शिखर तक पहुंचने में सफल रहा। अनुज की कामयाबी के साथ ही जहां उसके परिजनों ने खुशी का इजहार किया, वहीं उसके रिश्तेदारों ने भी उसका सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। अनुज ने अपनी सफलता का श्रेय अपने बुआ–फूफा से मिले अच्छे संस्कारों और अपनी लगन व मेहनत के साथ ही अपने पिता को दिया है। अनुज की मानें तो उसे समय समय पर उसे भागवताचार्य पं.मानसमणि शास्त्री और ज्योतिषाचार्य आनंद तिवारी समेत कई अन्य रिश्तेदारों का भी मार्गदर्शन मिलता रहा है, जिससे उसकी कामयाबी को पंख लग सके हैं।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व ससमय निस्तारण करें अधीनस्थ : डीएम

## – डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी पीड़ितों की समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो





सेवराई, गाजीपुर। तहसील मुख्यालय के सभागार कक्ष में आज शनिवार को जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के नेतृत्व में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया इस दौरान बिजली विभाग के प्रकरण में डीएम ने संबंधित जेई और एसडीओ के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए फरियादियों के द्वारा कल 203 प्रार्थना पत्र दिए गए जिसमें मौके पर 22 शिकायतों का निर्धारण किया गया शेष प्रार्थना पत्र के लिए उन्होंने संबंधित विभाग को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सेवराई गांव के किसान अमितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में दर्जनों किसानों ने विंध्य एक्सप्रेसवे के दौरान भूमि अधिग्रहण पर सवाल उठाए हैं उन्होंने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि खेती योग्य भूमि अगर एक्सप्रेसवे में चली जाएगी तो संबंधित सभी का शिकार भुखमरी के कगार पर आ जाएंगे। किसान नेता भानु प्रताप सिंह ने माइनर में अवैध खनन को लेकर प्रार्थना पत्र दिया जिसमें जिलाधिकारी ने प्रकरण में आरोपी जेसीबी संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई करने का निर्देश दिया। मनिया गांव निवासी भोलू खान ने ग्राम प्रधान के द्वारा कराए गए विकास कार्यों पर भ्रष्टाचार और गवन का आरोप लगाते हुए जांच करने की मांग की। हुएभतौरा गांव निवासी संजय ठाकुर ने मौज दलपतपुर आराजी नंबर 42, 43 को अतिक्रमण मुक्त करने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। सुमंत सिंह कुशवाहा के द्वारा बिजली विभाग के खिलाफ दिए गए एक पत्रक के मामले में डीएम ने संबंधित जेई और एसडीओ के ऊपर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। रायसेनपुर गांव निवासी मुन्ना राजभर ने प्रार्थना पत्र देते हुए रायसेनपुर कोटे की दुकान को ग्राम सभा हथौरी में दिखाने के प्रकरण में प्रार्थना पत्र दिया है। गौरतलब हो कि जिलाधिकारी के सख्त तेवर को लेकर फरियादियों में न्याय की आस जगी है जिसको .ष्टिगत रखते हुए आज रिकॉर्ड 203 प्रार्थना पत्र दिए गए जिसमें मौके पर 22 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इससे पूर्व एसडीएम सेवराई संजय यादव ने जिलाधिकारी को बुके देकर स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक गाजीपुर डॉक्टर इरज राजा, सीडीओ गाजीपुर, बीएसए रानी स्वरूप वर्मा, खंड विकास अधिकारी भदौरा के के सिंह, कोतवाल गहमर प्रमोद कुमार सिंह आदि अधिकारी कर्मचारी मौजूद हैं।

# घर में घुसे गुलदार को ग्रामीणों व वन विभाग ने किया काबू

न्यूज वाणी ब्यूरो

नांगल सोती, बिजनौर। गांव लालपुर सोजीमल में शुक्रवार देर रात गुलदार के घर में घुस आने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। करीब पांच घंटे तक चले अभियान के बाद वन विभाग और पुलिस की टीम ने गुलदार को सुरक्षित पकड़ लिया। इसके बाद गांव के लोगों ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी किसान मुन्नू सिंह के घर के पास देर रात अचानक एक गुलदार पहुंच गया। बताया गया कि गुलदार किसी शिकार का पीछा करते हुए आबादी वाले इलाके में आ गया था। घर के बाहर बैठे परिवार के लोगों ने जैसे ही गुलदार को देखा तो अफरा–तफरी मच गई। इसी बीच किसान ने साहस दिखाते हुए गुलदार को एक कमरे में बंद कर दिया। गुलदार के गांव में घुसने की सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण



मौके पर जमा हो गए। सूचना पर पुलिस और राजगढ़ वन रेंज की टीम भी गांव पहुंच गई। वन विभाग ने पहले जाल लगाकर गुलदार को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में कमरे के बाहर पिंजरा लगाकर उसमें बकरी बांधी गई। तड़के करीब पांच बजे गुलदार पिंजरे में कैद हो गया। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक पकड़ा गया गुलदार करीब दो साल का नर है। रेस्क्यू के बाद उसे सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ने की तैयारी की गई। पूरी रात चले अभियान के दौरान ग्रामीणों में दहशत बनी रही, जबकि कई ग्रामीण वन विभाग की टीम के साथ मौके पर डटे रहे।

# पीजी कालेज में समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य की पुस्तक का विमोचन

## – यूपी सरकार के अपर महाधिवक्ता ने किया विमोचन

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। पीजी कालेज के समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. राकेश वर्मा की नवीन पुस्तक का विमोचन उत्तर प्रदेश सरकार के अपर महाधिवक्ता अजीत कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम का आयोजन कालेज परिसर में हुआ, जिसमें गणमान्य नागरिक, शिक्षकगण, तथा बुद्धिजीवी



उपस्थित रहे। अजीत कुमार सिंह ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा, कि डॉ. राकेश वर्मा की यह पुस्तक समाजशास्त्र की .ष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें समसामयिक सामाजिक मुद्दों, ग्रामीण संरचना और परिवर्तनशील मूल्यों का गहन विश्लेषण किया गया है। ऐसे कार्य युवा पीढ़ी को समाज की जड़ों से जोड़ते हैं और सकारात्मक बदलाव की प्रेरणा देते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा और शोध को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. राकेश वर्मा ने विमोचनकर्ता का आभार व्यक्त किया और बताया कि पुस्तक में समाज के विभिन्न आयामों पर आधारित शोध शामिल है। इस अवसर पर अजीत कुमार सिंह ने महाविद्यालय के अन्य शिक्षकों से भी संवाद किया। यह प्रकाशन स्थानीय शिक्षा जगत में महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# एसपी ने देर रात्रि निरीक्षा कर परखी सुरक्षा

## – सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून–व्यवस्था को सुढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत आल्हा चौक पर रात्रि गश्त एवं सुरक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्र में संचालित रात्रि गश्त की गुणवत्ता का गहनता से आकलन किया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग सुनिश्चित किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट एवं कड़े निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत तैनात समस्त चौकी प्रभारियों की लोकेशन का सत्यापन करते हुए उनकी सक्रियता, सतर्कता एवं मौके पर उपस्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने रात्रि ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि वे पूर्ण जिम्मेदारी, अनुशासन एवं सजगता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। निरीक्षण के क्रम में यह भी निर्देशित किया गया कि जनपद में कानून–व्यवस्था को बनाए रखने हेतु रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी एवं सुढ़ बनाया जाए, जिससे आमजन में सुरक्षा का भाव सुढ़ हो तथा अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि पुलिस की प्राथमिकता आमजन की सुरक्षा है तथा इसके लिए निरंतर निगरानी, सक्रियता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। अंत में उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने हेतु पूर्ण समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते रहें तथा आमजन में विश्वास एवं सुरक्षा की भावना को मजबूत बनाए रखें।



# प्रशिक्षणार्थियों को 24 घंटे रुकना अनिवार्य : कल्लू राजपूत

## – जिला प्रशिक्षण महाभियान कार्यशाला योजना बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। भाजपा के आगामी 20 व 21 मई को आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण महाभियान की योजना बैठक जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियाँ सौंपी गई। जिला उपाध्यक्ष अर्जुन प्रकाश गुप्ता को सर्व व्यवस्था प्रमुख, वन्दना गुप्ता व निर्मला गौतम व रूपा चौहान को पंजीकरण, रमेशचंद्र पाण्डेय को अतिथि, संतोष नायक को प्रदर्शनी, पंकज रायकवार स्वच्छता, देशराज सिंह को आवास व्यवस्था प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार अमित सेठ भोलू को भोजन प्रमुख, राजर्षि शुक्ला को सभागार एवं मंच व्यवस्था प्रमुख, राजभवन उपाध्याय सज सज्जा प्रमुख, निखिल सक्सेना को तकनीकी कार्य प्रमुख, दुर्गा चौरसिया को सुरक्षा प्रमुख, श्यामबाबू पाल को यातायात पार्किंग व्यवस्था प्रमुख, राजभवन उपाध्याय को सज सज्जा प्रमुख तथा रमन सिंह को मोबाईल संग्रह प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाध्यक्ष कल्लू राजपूत ने कहा की यह प्रशिक्षण वर्ग पूरे 24 घंटे का होगा जिसमें प्रशिक्षर्थियों को प्रशिक्षण स्थल पर रुकना होगा इसलिए सभी लोग पूरी तैयारी के साथ आएंगे। प्रशिक्षण में आपेक्षित लोगों को ही प्रवेश दिया जायेगा। जिला महामंत्री निखिल सक्सेना ने प्रशिक्षण वर्ग की गाइड लाइन की जानकारी देते बताया कि प्रदेश से वक्ताओं को लगाया गया जोकि निर्धारित समय मे अपने विषय पर चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि जिला प्रशिक्षण वर्ग संचालन समिति में एमएलसी अविनाश सिंह चौहान वर्ग प्रभारी, आनंदी साहू संचालन समिति प्रमुख एवं उत्तम सक्सेना नियंत्रक के रूप में मौजूद रहेंगे।



# नाबालिग से छेड़खानी करने वाले आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

## – दो हजार रुपए का लगा अर्थदंड

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत कड़ी सजा दिलाये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत चिह्नित वर्ष–2017 में थाना मटौन्ध क्षेत्र अन्तर्गत नाबालिक लडकी के साथ छेडखानी करने वाले अभियुक्त न्यायालय द्वारा 03 वर्ष के कारावास व 02 हजार रुपये जुर्माने की सजा से दण्डित कराया गया। गौरतलब हो कि जनपद मटौन्ध क्षेत्र अन्तर्गत नाबालिक लड़की द्वारा 29 अक्टूबर 2017 को थाना मटौन्ध पर सूचना दी कि गांव का ही एक लडका मुझे परेशान करता है। इस सम्बन्ध में थाना मटौन्ध में मु0अ0सं0 131/17 धारा 354/323 भादवि व 8 पॉक्सो एक्ट में विवेचना तत्कालीन उ0नि0 देवेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा सम्पादित की गयी। विवेचना के क्रम में विवेचक द्वारा प्रभावी विवेचना करते हुए 22 दिसंबर 2017 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। लोक अभियोजक रामसुफल सिंह गौर द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई साथ ही कोर्ट मोहर्रिर आरक्षी मानवेन्द्र तथा पैरोकार आरक्षी संदीप कुमार के अथक प्रयासों से आरोपी को सत्र न्यायालय द्वारा 03 वर्ष के कारावास व 02 हजार रुपये के अर्थदण्ड से अभियुक्त मंगल पुत्र विशाली निवासी अछरौढ़ थाना मटौन्ध को दंडित कराया गया।




# जेल में बंद कैदी की हार्टअटैक से मौत

## – जेल प्रशासन में मचा हड़कंप

न्यूज वाणी ब्यूरो/बिजनौर। जिला कारागार बिजनौर में बंद एक कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। मृतक कैदी की पहचान अरुण कुमार निवासी मेरठ के रूप में हुई है, जो चोरी के एक मामले में पिछले करीब एक महीने से जिला कारागार में बंद था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को अचानक अरुण कुमार की तबीयत बिगड़ गई। जेल कर्मियों ने उसे तत्काल प्राथमिक उपचार दिलाने का प्रयास किया, लेकिन इसी दौरान उसे हार्ट अटैक आ गया। हालत गंभीर होने पर उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी की गई, मगर इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद जेल प्रशासन में अफरा–तफरी का माहौल बन गया। कैदी की मौत की सूचना मिलते ही उसके परिजन जिला अस्पताल और जेल परिसर पहुंच गए। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना के बाद अन्य कैदियों में भी हलचल और चिंता का माहौल देखा गया। सूचना मिलने पर संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी।




# लेखपाल भर्ती परीक्षा को लेकर तैयारियों की समीक्षा

## - 12 केंद्रों पर 5232 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी लेखपाल भर्ती परीक्षा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित ने की। बैठक में बताया गया कि जनपद में लेखपाल भर्ती परीक्षा के लिए कुल 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 5232 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परीक्षा ड्यूटी में लगाए गए सभी कार्मिकों के परिचय पत्र समय से जारी किए जाएं तथा बिना परिचय पत्र किसी को भी परीक्षा केंद्र में प्रवेश न दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराना है। परीक्षा व्यवस्था में बाधा डालने या अनुचित साधनों का प्रयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। एडीएम ने सभी परीक्षा केंद्रों का पूर्व में भौतिक सत्यापन कराने और कमियां मिलने पर तत्काल उन्हें दूर करने के निर्देश दिए। साथ ही केंद्र व्यवस्थापकों से कहा गया कि परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए क्लॉक रूम बनाए जाएं तथा जमा सामान पर किसी प्रकार का शुल्क न लिया जाए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के प्रवेश और निकास द्वारों, गलियारों एवं परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखने तथा निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को प्रत्येक केंद्र पर प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने और पुलिस विभाग को पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सभी केंद्रों पर स्वच्छ पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



# डीएम ने हाथवंत ब्लाक के सांथी ग्राम में लगाई चौपाल

## - जिला प्रशासन आपके द्वार के मूल्य उददेश्य के साथ समस्याओ का हुआ निस्तारण

## - सफाई कर्मी को सुधार के लिए 15 दिन का अल्टीमेटम अन्यथा होगा निलम्बन

न्यूज वाणी ब्यूरो


फिरोजाबाद। जिला प्रशासन आपके द्वारा के मूल उददेश्यों को धरातल पर उतारने के लिए जिलाधिकारी संतोष कुमार की अध्यक्षता में विकास खण्ड हाथवंत की ग्राम पंचायत सांथी में एक भव्य ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, इस चौपाल मे समस्त जनपद स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें। चौपाल में उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन जनता की सेवा के लिए सदैव समर्पित है। सरकार की योजनाऐं अंतिम पायदान पर खडे व्यक्ति तक पहुच रही है, या नही, इसका जमीनी फीडबैक लेने के लिए ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। चौपाल में ग्रामीणों द्वारा सबसे अधिक आवास की मांग की गयी, इस पर परियोजना निदेशक ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि इस गांव से 48 पात्र लोगों का नाम सर्वे में भेज दिया गया है और शीघ्र ही सभी को योजना का लाभ देकर संतृप्त किया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गांव के जितने भी 70 वर्ष के आयु के बुर्जुग है, उनके आयुष्मान कार्ड यही चौपाल में बनाए जाए। चौपाल में ग्रामीणों ने शिकायत कि की गांव में सफाई कर्मी काफी समय से नही आ रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए सफाई कर्मी को सुधार के लिए 15 दिन का समय दिया गया, उन्होने स्पष्ट चेतावनी दी की यदि 15 दिन में स्थिति नही सुधरी तो उसे तुरंत निलम्बित कर दिया जाएगा, जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि जो कार्य नही करेगा वह मुश्किल में पड जाएगा और उसके खिलाफ कडी से कडी कार्यवाही की जाएगी। प्राथमिक विद्यालय के समय से खुलने पर ग्रामीणों ने सकारात्मक जबाब दिया, जिलाधिकारी ने अपील कि की जिन बच्चों का अभी तक स्कूल में नामांकन नही हुआ है, उनका दाखिला प्राथमिक विद्यालय में अवश्य कराऐं। जिलाधिकारी ने किसान सम्मान निधि का लाभ निर्बाध रूप से पाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराने को अनिवार्य बताया, उन्होने कहा कि बिना फार्मर रजिस्ट्री के किसान सम्मान निधि का पैसा नही आएगा, इसलिए फार्मर रजिस्ट्री आप सब अवश्य कराऐं। इसके साथ ही उन्होने देश के नवनिर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी ग्राम वासियों से स्व जन गणना करने की अपील की। चौपाल के दौरान विभिन्न ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के समक्ष अपनी समस्याऐं रखीं, जिनमें मुख्य रूप से गयाधर सिंह ने मनरेगा मजदूरी के सम्बन्ध में, बैकुण्ठ देवी ने किसान सम्मान निधि के सम्बन्ध में, सुनीता ने राशन कार्ड के सम्बन्ध में और आरती देवी ने आवास की समस्या से जिलाधिकारी को अवगत कराया, जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवास पेंशन और राशन कार्ड से सम्बन्धित जितने भी मामले आए है उनका त्वरित निस्तारण कराए ताकि जनता को उनका हक मिलें। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि प्रतिदिन सुबह 10 से 12 जनसुनवाई होती है। इसके अलावा समाधान दिवस और थाना दिवस जैसे मंच उपलब्ध है, जहां ग्रामीण अपनी समस्याओं को रख सकते है। जिला प्रशासन उनकी हर समस्या का हर सम्भव समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान पीडीआरडीए, बीएसए, डीसीमनरेगा आदि जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।




# केंद्रीय विद्यालय के हाईस्कूल टॉप थ्री में बेटियों का शानदार प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। केंद्रीय विद्यालय 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा के सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। घोषित परीक्षा परिणाम में टॉप थ्री स्थानों पर बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। विद्यालय की छात्रा तस्मियां हनीफ ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं वैष्णवी वर्मा ने 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान तथा आयत शाहिद ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की इस उल्लेखनीय सफलता से विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों में हर्ष और गर्व का वातावरण है।










शैक्षिक सत्र 2026–27 में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत रहा। कुल 32 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की, जिनमें से 25 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की इस अवसर पर कैलाश चंद रमोला कमांडेंट 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी अनुशासन एवं परिश्रम के साथ अध्ययन कर विद्यालय, क्षेत्र एवं देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परिणाम आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगा।

# स्वयं सहायता समूहों से आच्छादित होंगी विभिन्न योजनाओं की महिला लाभार्थी

## – डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के विजन के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्र की समस्त पात्र एवं निर्धन परिवारों की महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों से आच्छादित किये जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को देर शाम विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। डीएम द्वारा उपायुक्त श्रम रोजगार को निर्देश दिया गया कि मनरेगा जॉब कार्ड धारक लाभार्थियों को समूह से आच्छादित करने हेतु रोजगार सेवक एवं पंचायत सहायक के माध्यम से ब्लॉक मिशन मैनेजर से समन्वय कर लाभार्थियों के आधार कार्ड एकत्र कराकर लक्ष्य के अनुरुप शत् प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित की जाये। इसी प्रकार उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी व अन्य योजनाओं अन्तर्गत उद्यम स्थापित करने वाली सभी महिला लाभार्थियों की सूची, आधार कार्ड एवं पासबुक की छाया प्रति उपलब्ध करा दें ताकि उन्हें आच्छादित किया जा सके। प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को समूह से आच्छादित करने हेतु डीडी डीआरडीए को निर्देश दिया गया कि समस्त लाभार्थियों के आधार कार्ड एवं पासबुक सहायक विकास अधिकारी ग्राम्य विकास एवं समस्त विकासखण्ड के सचिव के माध्यम से बीएमएम को उपलब्ध करा दें। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया गया कि समस्त 642850 राशन कार्डधारक लाभार्थियों के आधार कार्ड उचित दर विक्रेताओं के माध्यम से आधार संकलित कराकर ब्लाक मिशन मैनेजरों को उपलब्ध कराया जाय। समस्त पूर्ति निरीक्षकों को निर्देश दिया गया कि ब्लाक मिशन मैनेजरों से समन्वय लक्ष्य के अनुरूप हाउसहोल्ड सेचुरेशन करते हुए लक्ष्य के अनुरूप 22557 समूह का गठन कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार जिला समाज कल्याण अधिकारी व प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिया गया कि समस्त पेन्शन लाभार्थियों की सूची के साथ आधार कार्ड बीएमएम को उपलब्ध करा दें। बैठक के दौरान जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी एवं ए. आर. को–आपरेटिव को निर्देश दिये गये कि समस्त महिला किसान लाभार्थियों एवं किसान सम्मान निधि प्राप्त करने वाले परिवारो की महिलाओं, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के समस्त लाभार्थियों, समस्त सहकारी समितियों के सदस्यों एवं लाभार्थियों को समूह से जोड़े जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करते हुए आधार कार्ड व पासबुक की छाया प्रति बीएमएम को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता सहित समिति के सदस्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बालश्रम के विरुद्ध चला सघन चेकिंग व जागरुकता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। शनिवार को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में थाना मानव तस्करी निरोधी विशेष किशोर पुलिस इकाई, श्रम विभाग एवं साथी यूपी संस्था की संयुक्त टीम द्वारा शहर क्षेत्र में बालश्रम के विरुद्ध सघन चेकिंग एवं जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान, बलखंडीनाका, माहेश्वरी देवी मार्केट, कोतवाली रोड इत्यादि स्थानों पर दुकानो, होटलों, रेस्टोरेंट आदि की चेकिंग की गयी। चेकिंग अभियान के दौरान 04 नाबालिक बच्चे गैर–खतरनाक श्रेणी में बाल श्रम करते हुए पाये गये सम्बंधित दुकान, होटल मालिकों को श्रम विभाग द्वारा नोटिस, चालान किया गया। इस दौरान आसपास के दुकानदारों को बालश्रम न कराने हेतु जागरूक किया गया तथा चेतावनी दी गई कि भविष्य में कोई दुकानदार/होटल मालिक यदि बच्चों से बाल श्रम कराते हुए पाया गया तो उपरोक्त दुकानदार के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। अभियान के दौरान श्रम अधिकारी दुष्यंत कुमार, लिपिक मुस्तकीम, एसजेपीयू निरीक्षक अखिलेश प्रताप सिंह, महिला आरक्षी स्वेतलाना मौर्य, थाना एचटी उप निरीक्षक अनिल कुमार उपाध्याय, आरक्षी प्रशांत यादव, महिला आरक्षी रचना सेजवार एवं साथी यूपी संस्था राजेश कुमार मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट के आदेश पर शुकुल बाजार में गरजा बुलडोजर

## – तालाब की भूमि से हटाया गया अवैध कब्जा

न्यूज वाणी ब्यूरो

शुकुल बाजार, अमेठी। थाना क्षेत्र बाजार शुकुल के दक्खिनगांव क्यार में शुक्रवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तालाब की भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवा दिया। गाटा संख्या 764 पर हुए कब्जे के खिलाफ यह कार्रवाई उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में की गई। प्रशासनिक टीम ने बुलडोजर की मदद से अतिक्रमण हटाकर सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया।कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र में प्रशासनिक सतर्कता देखने को मिली। मुसाफिरखाना तहसीलदार राहुल सिंह के नेतृत्व में तहसील प्रशासन, राजस्व विभाग, चकबंदी टीम और भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। संयुक्त टीम ने क्षेत्र की घेराबंदी कर शांतिपूर्ण ढंग से अभियान चलाया। अधिकारियों ने बताया कि न्यायालय के स्पष्ट निर्देशों के बाद यह कदम उठाया गया, ताकि तालाब की सरकारी भूमि को संरक्षित किया जा सके और अवैध कब्जों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके,अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। प्रशासन की कार्रवाई को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुटे रहे। हालांकि पूरे अभियान के दौरान स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई।तहसीलदार राहुल सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकारी, तालाब अथवा विवादित भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन ने इस कार्रवाई को न्यायालय के आदेश के पालन और सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक बताया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई पर मिश्रित प्रतिक्रियाएं दीं। कुछ लोगों ने सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराने के कदम का स्वागत किया, जबकि कुछ लोग पूरे घटनाक्रम को लेकर चर्चा करते नजर आए। प्रशासन ने साफ किया कि जनहित और सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।



# पति की दीर्घायु की कामना संग सुहागिनों ने रखा वट सावित्री व्रत

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। चरखारी नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को वट सावित्री व्रत एवं शनि अमावस्या के पावन संयोग पर सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु, सुख–समृद्धि और परिवार की खुशहाली के लिए व्रत रखकर विधि–विधान से वट वृक्ष का पूजन किया। सुबह से ही महिलाओं ने स्नान कर सोलह श्रृंगार किया और विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर वट वृक्ष में जल अर्पित करते हुए पूजा–अर्चना की। इस दौरान महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक वट वृक्ष की परिक्रमा कर सावित्री– सत्यवान की कथा सुनी तथा परिवार के मंगल की कामना की। नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों श्री बटुक भैरवनाथ मंदिर, माता महेश्वरी देवी मंदिर एवं बी पार्क के समीप स्थित प्राचीन वट वृक्ष पर बड़ी संख्या में महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। जगह–जगह महिलाओं के समूह पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ वट सावित्री पूजन करते नजर आए। श्री बटुक भैरवनाथ मंदिर के महंत जुगुल भारती ने बताया कि इस वर्ष वट सावित्री व्रत के साथ शनि अमावस्या (शनैश्चरी अमावस्या) का दुर्लभ संयोग बना है, जिसे हिंदू धर्म में अत्यंत शुभ और पुण्यदायी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन शनिदेव की पूजा–अर्चना करने से शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या एवं अन्य दोषों के दुष्प्रभाव कम होते हैं तथा जीवन में आने वाली बाधाओं से मुक्ति मिलती है। उन्होंने बताया कि अमावस्या तिथि होने के कारण पितरों की शांति के लिए तर्पण, दान एवं श्राद्ध का भी विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन किए गए पूजन–पाठ से सुख–समृद्धि, मानसिक शांति एवं परिवार में खुशहाली बनी रहती है। वट सावित्री व्रत एवं शनि अमावस्या के दुर्लभ संयोग ने नगर के धार्मिक वातावरण को भक्तिमय बना दिया, जहां दिनभर मंदिरों एवं पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही।



# वट सावित्री व्रत पर सुहागिनों ने मांगा अखंड सौभाग्य

## – वट वृक्ष पूजन कर पति की लंबी उम्र की की कामना

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। ज्येष्ठ मास की .ष्ण अमावस्या के अवसर पर नगर क्षेत्र में वट सावित्री व्रत श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ मनाया गया। इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा–अर्चना की तथा अपने पति की लंबी उम्र, सुख–समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना की। नगर स्थित सहकारी क्रय–विक्रय समिति परिसर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सामूहिक रूप से वट वृक्ष की पूजा की। महिलाओं ने विधि–विधान के अनुसार वट वृक्ष की परिक्रमा कर जल, रोली, मौली, फल और अन्य पूजन सामग्री अर्पित की। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान महिलाओं ने परिवार की खुशहाली और वैवाहिक जीवन की सुख–शांति के लिए प्रार्थना की। व्रत करने वाली महिलाओं में रेनू पांडेय, मंजू, पूजा, बबली, रजनी, सोनी, भावना, गुंजन और नीलम सहित अन्य शामिल रहीं। महिलाओं ने बताया कि वट सावित्री व्रत हिंदू परंपरा में विशेष महत्व रखता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का निवास माना जाता है। इसी वृक्ष के नीचे माता सावित्री ने कठोर तप कर यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। महिलाओं ने कहा कि वट सावित्री व्रत केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि पति–पत्नी के अटूट विश्वास, समर्पण और नारी शक्ति का प्रतीक भी है। पूजा के दौरान महिलाओं में उत्साह और श्रद्धा का विशेष वातावरण देखने को मिला।



# वट सावित्री अमावस्या पर सुहागिनों ने रखा व्रत

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। जनपद मेंशनिवार को वट सावित्री अमावस्या का पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही सुहागिन महिलाएं पूजा सामग्री लेकर बरगद के पेड़ें के नीचे पहुंचीं, जहां उन्होंने विधि–विधान से पूजा–अर्चना की और वट वृक्ष के चारों ओर धागा बांधकर अपने पति की लंबी आयु व सुख–समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर सावित्री, सत्यवान और यमराज के साथ वट वृक्ष की पूजा की। इस दौरान सत्यवान–सावित्री की कथा का श्रवण एवं पाठ भी किया गया। मान्यता है कि सावित्री ने अपने कठिन तप और अटूट संकल्प से यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। मंदिरों और वट वृक्षों के पास पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा संपन्न कराई गई। पूरे जिले में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला।



# पुलिस मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर घायल, अवैध तमंचा बरामद

## – क्रेटा कार से भाग रहे बदमाश को चौबिया पुलिस ने दबोचा



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चौबिया पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान हिस्ट्रीशीटर एवं वांछित अभियुक्त अरुण उर्फ लऊवा को घायल अवस्था में गिरतार कर लिया। उसके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, हॉकी, मोबाइल फोन तथा बिना नंबर प्लेट की क्रेटा कार बरामद की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना चौबिया पुलिस द्वारा थुलरई–बीना मार्ग पर संदिग्ध वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति क्रेटा कार से सैफई की ओर से बीना, हाजीपुर होते हुए कुर्रा मैनपुरी जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर वाहन रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक कार को कीरतपुर की ओर मोड़कर भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा पीछा किए जाने पर कार अनियंत्रित होकर झाड़ियों में जा टकराई। इसके बाद बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में बदमाश अरुण उर्फ लऊवा के दाहिने पैर में गोली लग गई, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरतार कर लिया। घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि 20 अप्रैल 2026 को थाना चौबिया क्षेत्र के उनबा संतोषपुर में हुई घटना में वह और उसके साथी शामिल थे। इस मामले में थाना चौबिया में पहले से मुकदमा दर्ज है। गिरतार अभियुक्त थाना सैफई का हिस्ट्रीशीटर बताया गया है, जिसके खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट, धमकी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट सहित कई संगीन धाराओं में लगभग दस मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 03 जिंदा कारतूस, 02 खोखा कारतूस, 02 मोबाइल फोन, 01 हॉकी तथा बिना नंबर प्लेट की क्रेटा कार बरामद की है। बरामद कार को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज कर दिया गया है। इस कार्रवाई को थाना चौबिया पुलिस टीम ने अंजाम दिया।

# शादी में आया किशोर बहगुल नदी में डूबा

## – शादी की खुशियां मातम में बदलीं



न्यूज वाणी ब्यूरो

मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम कंकलिया धर्मपुर में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में ननिहाल आए किशोर की बहगुल नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। बदायूं जनपद के दातागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खलीलपुर निवासी धीरेंद्र परिवार के साथ ससुराल में एक शादी में शामिल होने धर्मपुर कंकलिया गांव आए थे। गांव निवासी मिलाव सिंह धीरेन्द्र के ससुर हैं। शनिवार दोपहर धीरेंद्र के बेटे शिवांशु 12 यादव और कौशल यादव 10गांव के पास बह रही बहगुल नदी में नहाने चले गए। नहाते समय कौशल यादव अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। छोटे भाई को बचाने के प्रयास में बड़ा भाई शिवांशु भी नदी में गोते खाने लगा। दोनों बच्चों को डूबता देख आसपास मौजूद ग्रामीण मौके की ओर दौड़े। ग्रामीणों ने मशक्कत के बाद दोनों को नदी से बाहर निकाला। शिवांशु की जान बच गयी लेकिन छोटे कौशल की मौत हो चुकी थी। खबर मिलने पर परिजन रोते बिलखते पहुंचे। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव का पंचनामा भरा। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार किया तो पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। हादसे से परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक व्याप्त है। शादी की खुशियों की जगह मातम पसरा है।

# रात्रि के दौरान विद्युत चोरी करने वालों की खैर नहीं

## – अतिरिक्त केबिल डालकर हो रहा था अवैध बिजली उपयोग, दो पर कार्रवाई



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विद्युत वितरण मंडल इटावा द्वारा विद्युत चोरी रोकने एवं ओवरलोडिंग से वितरण परिवर्तकों को सुरक्षित रखने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रात्रि चेकिंग के दौरान विवेक विहार क्षेत्र में दो उपभोक्ताओं द्वारा अतिरिक्त केबिल के माध्यम से अवैध रूप से बिजली उपयोग करते हुए पकड़ा गया। विभागीय टीम द्वारा 15 मई की रात उपखंड अधिकारी प्रथम दिलीप कुमार एवं अवर अभियंता दीपक कनौजिया ने विजिलेंस टीम के साथ 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र फ्रेंड्स कॉलोनी–2 (पचावली) से पोषित क्षेत्र विवेक विहार में सघन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान दो उपभोक्ताओं द्वारा अतिरिक्त केबिल लगाकर विद्युत चोरी किए जाने की पुष्टि हुई। मौके पर वीडियोग्राफी कर दोनों उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत कार्रवाई की गई। पकड़े गए मामलों में घरेलू श्रेणी के कुल 4 किलोवाट भार का अवैध उपयोग पाया गया। विभाग ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे वैध विद्युत कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें। मीटर से छेड़छाड़ अथवा अतिरिक्त केबिल जोड़कर बिजली प्रयोग करना दंडनीय अपराध है।

# सहकारी समिति के नाम पर अवैध कब्जे व फर्जी क्रय-विक्रय का मामला

न्यूज वाणी ब्यूरो/फिरोजाबाद। टूंडला तहसील क्षेत्र के गांव मोहम्मदाबाद में एक भूमि विवाद का मामला सामने आया है। गांव निवासी रामदास पुत्र मिट्ठू लाल ने तहसील प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर अपनी भूमि पर अवैध कब्जा कराने और फर्जी तरीके से क्रय–विक्रय किए जाने की शिकायत की है। प्रार्थी के अनुसार मोहम्मदाबाद स्थित घाटा संख्या 286 की .षि एवं आवासीय भूमि का मामला अभी विचाराधीन है और अब तक उसकी निष्पक्ष जांच नहीं हो सकी है। आरोप है कि कुछ भूमाफिया एवं असामाजिक तत्व लता कुंज सहकारी आवास समिति लिमिटेड के नाम पर जमीन पर अवैध कब्जा कराने का प्रयास कर रहे हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि श्री .ष्णा सहकारी आवास समिति लिमिटेड के नाम से भी भूमि पर गलत तरीके से गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। प्रार्थी का कहना है कि भूमि संबंधी अभिलेख और दावे फर्जी, कूटरचित एवं भ्रामक हैं तथा बिना किसी वैधानिक अधिकार के जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। इससे परिवार को आर्थिक और मानसिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। रामदास ने तहसील प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों एवं संबंधित सहकारी समितियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही विवादित भूमि पर सहकारी समिति के नाम से हो रहे किसी भी प्रकार के क्रय–विक्रय पर तत्काल रोक लगाई जाए।

# साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन का 6 वां स्थापना दिवस आज

## - राष्ट्रकवि की जन्मस्थली पर होगा भव्य आयोजन
## - राष्ट्रकवि पण्डित सोहनलाल व अमर शहीद जोधा सिंह अटैया के परिजनों की उपस्थिति में होगा कार्यक्रम,- जिला संरक्षक वसीम अख्तर की अध्यक्षता एवं शैलेन्द्र प्रताप सिंह का रहेगा संयोजन
## - दद्दू सिंह एवं कवियत्री आकांक्षा द्विवेदी का होगा विशेष सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन (सीजेए) का 6वां स्थापना दिवस रविवार को बिंदकी तहसील क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह विशेष कार्यक्रम राष्ट्रकवि पण्डित सोहनलाल द्विवेदी (पद्मश्री) की जन्मस्थली क्षेत्र में आयोजित होने जा रहा है, जिससे आयोजन को ऐतिहासिक और सांस्तिक महत्व भी प्राप्त हो रहा है। यह कार्यक्रम बिंदकी तहसील क्षेत्र के खजुहा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत सिजौली के मजरे गोधइया स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक संगठन के बिंदकी तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह हैं, जिनके नेतृत्व में आयोजन की व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्थापना दिवस समारोह के दौरान क्षेत्र के साहित्यकारों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों तथा पत्रकारिता एवं लेखन से जुड़े कलमकारों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार यह कार्यक्रम पत्रकारिता, साहित्य और स्वतंत्रता आंदोलन के गौरवशाली इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। कार्यक्रम में जनपद के महानायक अमर शहीद जोधा सिंह अटैया के परिवार से दद्दू सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। वहीं जनपद के गौरव एवं पद्मश्री से सम्मानित राष्ट्रकवि पण्डित सोहनलाल द्विवेदी की पौत्री आकांक्षा द्विवेदी का भी अभिनंदन किया जाएगा। इसके अलावा अमर शहीद जोधा सिंह अटैया के साहस, संघर्ष और बावनी इमली के ऐतिहासिक महत्व पर आधारित पुस्तक दरख्त–द विटनेस ऑफ फ्रीडम फाइटर्स लिखने वाले शिक्षक विजय नारायण को भी सम्मानित किया जाएगा। साथ ही जोधा सिंह अटैया फाउण्डेशन के अध्यक्ष दद्दू सिंह एवं उपाध्यक्ष विजय सिंह को भी सम्मान समारोह में विशेष सम्मान प्रदान किया जाएगा। संगठन के जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि स्थापना दिवस समारोह में संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के कई पदाधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार पीयूष त्रिपाठी, राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शिव कुमार मौर्या, प्रदेश अध्यक्ष शहंशाह आब्दी, प्रदेश उपाध्यक्ष जर्रयाब खान, राज्य विधिक समिति के चेयरमैन एडवोकेट जावेद खान, प्रयागराज मण्डल सचिव मैशर अब्बास, जिला उपाध्यक्ष आफताब अहमद, जिला सचिव धीर सिंह यादव, जिला संयुक्त सचिव अनिल कुमार विश्वकर्मा तथा जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ. जेपी सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में कई अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त कानपुर नगर के कार्यवाहक अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आदित्य शर्मा (पंकज) भी अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में फतेहपुर जिला इकाई के संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार वसीम अख्तर की




गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। संगठन पदाधिकारियों के अनुसार स्थापना दिवस समारोह पत्रकारिता, साहित्य, सामाजिक सरोकार और स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को एक मंच पर जोड़ने का प्रयास होगा। कार्यक्रम को लेकर संगठन कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# दर्पण पोर्टल रैंकिंग में जिले ने लगाई छलांग

## - कई योजनाओं में जनपद को मिला प्रदेश में पहला स्थान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड विकास (दर्पण पोर्टल) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि अप्रैल 2026 में जनपद की रैंकिंग 25 रही, जबकि मार्च 2026 में यह 32 थी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष की शुरुआत में बेहतर प्रदर्शन पूरे वर्ष की स्थिति को मजबूत करता है, इसलिए सभी विभाग अपने–अपने इंडिकेटरों पर विशेष ध्यान दें ताकि इटावा प्रदेश के शीर्ष 10 जनपदों में शामिल हो सके। समीक्षा के दौरान कई योजनाओं में जनपद के उत्.ष्ट प्रदर्शन की जानकारी दी गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, ड्रॉप मोर क्रॉप योजना, खराब ट्रांसफार्मर शिकायत निस्तारण, .षि रक्षा रसायन डीबीटी योजना, टेली रेडियोलॉजी



तथा दिव्यांग पेंशन योजना में इटावा को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वहीं प्रधानमंत्री सूर्य घर मुत बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं एम्बुलेंस 102 सेवा में भी जनपद ने बेहतर रैंक हासिल की। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री आवास योजना, परिवार आईडी, 15वें वित्त आयोग एवं सामाजिक वानिकीकरण जैसी योजनाओं में सुधार की आवश्यकता बताते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला जेल में संचालित गौशाला की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि वहां निराश्रित गोवंश की बेहतर देखभाल हो रही है और अतिरिक्त गायों को वहां भेजने की व्यवस्था की जाए। सामूहिक विवाह योजना की समीक्षा करते हुए आवश्यक सामग्री जेम पोर्टल के माध्यम से खरीदने तथा छोटे स्तर पर बेहतर आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने प्रत्येक गांव में कम से कम पांच महुआ के पेड़ लगाने, अंडा उत्पादन के क्षेत्र में नए लोगों को जोड़ने तथा विद्युत बिल सुधार से जुड़ी शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल, संस्.त पर्यटन अधिकारी मोहित सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रभावी ढंग से संचालित की जाए गौ संरक्षण व गौ संवर्धन योजना

## - किसी भी दशा में पशुओ के भरण पोषण में न बरती जाए लापरवाही : कमिश्नर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंश को नियमित रूप से पर्याप्त हरा चारा, भूसा के पशु आहार उपलब्ध कराये जाने के कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं। कहा कि किसी भी दशा में पशुओं के भरण–पोषण में लापरवाही न बरती जाए। शनिवार को आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल अजीत कुमार की अध्यक्षता में निराश्रित गोवंश संरक्षण हेतु संचालित गौआश्रय स्थलों के संचालन, प्रबंधन एवं गौवंश के भरण–पोषण की व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त ने शासन द्वारा नामित डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ, संयुक्त विकास आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बाँदा, डॉ. अशोक कुमार अपर निदेशक–।। पशुपालन विभाग चित्रकूटधाम मण्डल तथा मुख्य विकास अधिकारी, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में गौ आश्रय स्थलों की पर्यावरणीय,वित्तीय एवं अवस्थापना संबंधी व्यवस्थाओं के साथ–साथ पशु आहार, चिकित्सा एवं संरक्षित गोवंश के समुचित रखरखाव की गहन समीक्षा की गई। नोडल अधिकारी द्वारा समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंश को नियमित रूप से पर्याप्त हरा चारा, भूसा एवं मानक के अनुसार पशु आहार उपलब्ध कराया जाए। किसी भी दशा में पशुओं के भरण–पोषण में लापरवाही न बरती जाए। बैठक में कमिश्नर ने निर्देशित किया कि समस्त गौआश्रय स्थलों में स्थापित सीसीटीवी कैमरे पूर्णतः क्रियाशील रखे जाएं। ग्राम पंचायतों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु सूचना पट्ट एवं बैनर प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएं। कुपोषित एवं कमजोर गौवंशों को विशेष पोषणयुक्त आहार उपलब्ध कराने तथा उनके स्वास्थ्य परीक्षण की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करने के कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं।वर्तमान में बढ़ती गर्मी एवं लू के .ष्टिगत गौवंशों के संरक्षण हेतु विशेष सावधानियां बरतने के निर्देश देते हुए कहा गया कि गौ आश्रय स्थलों में बोराध्टाट पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए। पर्याप्त छायादार व्यवस्था सुनिश्चित की



जाए तथा स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता बनाए रखी जाए। नोडल अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि गौ आश्रय स्थलों में वर्मी कम्पोस्ट एवं बायोगैस प्लांट स्थापित कर उन्हें नियमित रूप से क्रियाशील रखा जाए।उत्पन्न गैस का उपयोग विद्युत एवं अन्य सामान्य कार्यों में किया जाए। जिससे ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा मिलने के साथ–साथ गौ आश्रय स्थल आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बन सकें। बैठक में समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह गौ आश्रय स्थलों का नियमित निरीक्षण करें। निरीक्षण आख्या संबंधित अभिलेखों में अनिवार्य रूप से अंकित करें। साथ ही पाई गई कमियों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए।आयुक्त अजीत कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम की महत्वाकांक्षी योजना "गौ संरक्षण एवं गौ संवर्धन" को पूर्ण संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व के साथ प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। तथा गौवंशों के स्वास्थ्य,सुरक्षा एवं समुचित देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि गौ आश्रय स्थलों का संचालन केवल औपचारिकता न होकर जनभागीदारी एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाना चाहिए। जिससे निराश्रित गोवंशों को सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

# तहसील कैसरगंज के संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ ने सुनीं समस्याएं




न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के प्रथम और तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी व तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों के साथ सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हुए फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धत्ता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिये गये। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाया जाय। सीडीओ ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि गरीब, जरूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद भी की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाय। उन्होंने सभी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करें। इस अवसर पर अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी व थानाध्यक्ष मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त हुए 85 प्रार्थना–पत्रों में से 12 का निस्तारण मौके पर किया गया। इसी प्रकार तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 57 में 08, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में 28 में 02, पयागपुर में 48 में 05, महसी में 40 में 02 तथा तहसील सदर में प्राप्त 44 प्रार्थना–पत्रों में से 05 का निस्तारण मौके पर किया गया।

# संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। परिक्षेत्रीय सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग इटावा परिक्षेत्र, सुनील कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2026–27 में हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना के अंतर्गत प्रदेश के हथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहित करने एवं उनके उत्.ष्ट कार्यों के सम्मान हेतु प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों का चयन किया जाएगा। इटावा परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जनपद इटावा, औरैया, फिरोजाबाद, फर्रुखाबाद, मैनपुरी तथा कन्नौज की हथकरघा बुनकर सहकारी समितियों एवं व्यक्तिगत हथकरघा बुनकर कारीगरों से उत्.ष्ट एवं कलात्मक हथकरघा उत्पादों के नमूने आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक बुनकर अपने आवेदन एवं उत्पादों के नमूने ऑनलाइन पोर्टल ींदकसववउ.नचेकब.हवअ.पद पर अपलोड कर सकते हैं तथा कार्यालय स्तर पर भी प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18 जून 2026 सायं 5 बजे निर्धारित की गई है। जमा किए जाने वाले सैम्पल पर पूर्ण विवरण अंकित होना अनिवार्य होगा, जिसमें वार्प, वेट, रंग, डिजाइन एवं तकनीकी जानकारी शामिल रहेगी। साथ ही सैम्पल पूर्ण आकार में प्रस्तुत करना होगा, जैसे सूटिंग–शर्टिंग दो–दो मीटर, साड़ी फुल साइज, तौलिया, बेडशीट, बेडकवर, शॉल, दरी आदि ताकि उत्पादों की गुणवत्ता का समुचित परीक्षण एवं निरीक्षण किया जा सके। बताया गया कि आवेदन पत्र के साथ मूल सैम्पल पर्यवेक्षक अथवा वस्त्र निरीक्षक की संस्तुति के उपरांत ही सहायक आयुक्त हथकरघा कार्यालय इटावा में स्वीकार किए जाएंगे। निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त किसी भी प्रविष्टि पर विचार नहीं किया जाएगा। विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी परिक्षेत्रीय हथकरघा कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# बिना परीक्षण के आख्या अग्रसरित किए जाने पर डीएम खफा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। बिना परीक्षण के आख्या अग्रसारित किए जाने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई है। साथ ही उन्होंने कहा है कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बिल्कुल बर्दास्त नहीं की जाएगी। इसलिए अधिकारी तथा कर्मचारी शिकायतों के निस्तारण में हीला–हवाली बिल्कुल न बरतें। डीएम अमित आसेरी ने कहा कि प्रायः यह देखा जा रहा है कि विभिन्न स्तर से प्राप्त होने वाले महत्वपूर्ण संदर्भों एवं अधोहस्ताक्षरी की जनसुनवायी के दौरान प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तरीके से नहीं किया जा रहा है। तहसील/जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा बिना आख्या का परीक्षण किये अपने अधीनस्थों की आख्याओं को अग्रसारित कर उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दिया जाता है। जो कदापि उचित नहीं है। शासन स्तर से निरन्तर इस आशय के निर्देश प्राप्त हो रहे है कि शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये साथ ही शिकायतकर्तागण से निस्तारण का फीड़बैक भी लिया जाये, परन्तु जनपद/तहसील स्तरीय अधिकारियों द्वारा उक्त का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया जा रहा है। डीएम अमित आसेरी ने समस्त जिला/तहसील स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि भविष्य में विभिन्न स्तर से प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच शिकायतकर्ता की उपस्थिति में ही सम्पादित की जाये। साथ ही उसके बयान आदि भी अंकित किये जाये। शिकायती प्रार्थना पत्रों का सरसरी तौर पर निस्तारण न करके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। शिकायतकर्तागणों से निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक अवश्य प्राप्त किया जाये।




# उच्च प्राथमिक विद्यालय मंझनपुर में डीएम व सीडीओ ने लगाई चौपाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद की उपस्थिति में विकासखंड जखनिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय मंझनपुर कला परिसर में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल में विभिन्न विभागों के अधिकारियओ जनप्रतिनिधियों तथा क्षेत्रीय ग्रामीणों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचानाए ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण को पूरा तथा विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करके निस्तारण किया जाय। जन चौपाल के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। ग्रामीणों द्वारा विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, सड़क मरम्मत, राशन वितरण, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना, राजस्व कार्य, पेंशन, स्वास्थ्य सेवाओं तथा शिक्षा व्यवस्था से संबंधित विभिन्न समस्याएं एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि कैम्प के माध्यम से जन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर 100 प्रतिशत तक गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होने सम्बन्धित को निर्देशि दिया कि भूमि विवाद की जिनती भी समस्या है उसे रजिस्टर बनाकर नोट किया जाय। योजना में वृद्धा पेंशन, निराश्रत महिला पेंशन, बाल सेवा योजना, श्रम पंजीयन, प्रधानमंत्री किसान, फार्मर रजिट्रि, शौचालय, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, कन्या सुमग्ला एवं अन्य योजनाओं का अभियान चलाकर योजना का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को दिया जाय। नये पंचायत भवन, बारात घर एवं अंत्येष्टि स्थल की बारे में जानकारी ली कि अबतक निर्माण में जो भी कठिनाइयॉ आ रही उसे तत्काल निस्तारण कराकर पूरा किया जाय। चौपाल के दौरान मगई नदी में चेक डैम का निर्माण एवं अमृत सरोवर का सुंदरीकरण, विद्यालय में स्मार्ट क्लास रूम,लाइब्रेरी की स्थापना और मरम्मत कार्य, सड़क सु.ढ़ीकरण चौजा पुल से करंजी भुड़कुडा तक सडक का चौड़ीकरण कार्य निर्माण में प्रगति लाने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता एवं सुगमता के साथ उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गांव स्तर पर नियमित रूप से भ्रमण कर जनता की समस्याओं का समाधान करें तथा विकास कार्यों की निरंतर निगरानी सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठाएं और गांव के विकास में सक्रिय सहभागिता निभाएं। जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि जनहित से जुड़े सभी मामलों का शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अतुल कुमार, परियोजना निदेशक, दीनदयाल वर्मा, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र सरोज, पंचायत राज अधिकारी रमेश चंद उपाध्याय, डी0सी0 मनरेगा विजय कुमार यादव, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, एवं विकास खंड स्तरीय अधिकारीगण, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# हाईवे पर चला सघन चेकिंग अभियान

## – स्टंटबाजी करने वालों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के क्रम में 15 मई को थाना जसवन्तनगर पुलिस द्वारा बस अड्डा चौराहा, जमुनाबाग एनएच–2 एवं सराय भूपत कट पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान ओवर स्पीड, ओवरलोड, ओवरहेड एवं अन्य परिवहन संबंधी अनियमितताओं की रोकथाम के उद्देश्य से संचालित किया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान हाईवे पर अनधि.त स्थानों पर खड़े 16 ट्रकों का चालान किया गया। वहीं बिना हेलमेट, नो पार्किंग एवं कागजी अनियमितताओं में 54 दोपहिया वाहनों के चालान किए गए। स्टंटबाजी करते पाए जाने पर 01 मोटरसाइकिल को सीज किया गया। अभियान के दौरान कुल 1 लाख 87 हजार रुपये शमन शुल्क के रूप में वसूले गए। इटावा पुलिस ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सभी वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन न चलाएं, ओवर स्पीड एवं ओवरलोडिंग से बचें तथा वाहन संबंधी सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रखें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# पीएम की अपील पर बार एसोसिएशन का बड़ा फैसला

## – अब कार नहीं, बाइक–साइकिल व कार पूल से कचहरी पहुंचेंगे अधिवक्ता

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन (डीबीए) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊर्जा बचत एवं पेट्रोल–डीजल की खपत कम करने के आह्वान का समर्थन करते हुए अधिवक्ताओं से वैकल्पिक साधनों का उपयोग करने की अपील की है। डीबीए ने सुझाव दिया है कि जो अधिवक्ता नजदीकी क्षेत्रों से कचहरी



आते हैं, वे कार की जगह बाइक, ई–रिक्शा अथवा साइकिल का प्रयोग करें, जबकि दूरदराज से आने वाले अधिवक्ता कार पूल बनाकर यात्रा करें। डीबीए अध्यक्ष एडवोकेट राजेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि देश की आजादी के आंदोलन में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और अब ऊर्जा बचत अभियान के माध्यम से राष्ट्र के विकास में योगदान देने का समय है। उन्होंने कहा कि विदेशी मुद्रा भंडार की बचत और पेट्रोल–डीजल की खपत कम करने के उद्देश्य से यह पहल की जा रही है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की बैठक में इस संबंध में दो प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में अधिवक्ताओं से पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा बचत को लेकर जागरूकता फैलाने का भी आह्वान किया गया। बैठक में महामंत्री नितिन तिवारी, कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्रिपाठी, सुनील यादव, राजुल शुक्ला, सुरेश चंद्र, नेहा सिंह, अनूप शर्मा, निधि पाल, प्रीति चौहान, रीना यादव, योगेश यादव, प्रमोद तिवारी, इंद्रपाल सिंह, अभिषेक सेंगर सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।

# महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना चौबिया पुलिस द्वारा क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं एवं आमजन को महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र में पहुंचकर महिलाओं को विभिन्न



हेल्पलाइन नंबरों एवं साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं अन्य लोगों को पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए लोगों से अपील की कि किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। साथ ही ऑनलाइन लेन–देन एवं सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्क रहने की सलाह दी गई। अभियान के दौरान महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट वितरित कर सुरक्षा उपायों के प्रति विस्तार से जानकारी दी गई। इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता को लेकर लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं।

# अवैध तमंचा व शराब के साथ युवक गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो




गाजीपुर। दिलदारनगर थाना क्षेत्र अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना दिलदारनगर पुलिस ने अवैध हथियार और देशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तमंचा, जिंदा कारतूस तथा 40 पाउच देशी शराब बरामद की है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को उपनिरीक्षक हरीमाधव पांडेय मय हमराह क्षेत्र में भ्रमण एवं चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक ग्राम भक्सी रेलवे क्रॉसिंग के पास मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी राजू कुमार (23) पुत्र छोटन सिंह निवासी सिमरकोल थाना रजौली जनपद नवादा, बिहार को गिरतार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस तथा 40 पाउच देशी शराब बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना दिलदारनगर में आर्म्स एक्ट एवं आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि गिरतार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरतारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक हरीमाधव पांडेय एवं थाना दिलदारनगर की पुलिस टीम शामिल रही।

# सोलह श्रृंगार कर सुहागिनों ने रखा वट सावित्री व्रत

## - पति की दीर्घायु की मांगी कामना,- कच्चा धागा बांधकर की परिक्रमा, दांपत्य जीवन में सुख-शांति की मांगी दुआ

न्यूज वाणी ब्यूरो

शुकुल बाजार, अमेठी। ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि पर शनिवार को क्षेत्र में वट सावित्री व्रत श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक उत्साह के साथ सुहागिनों ने पूजन–अर्चन किया। सुबह से ही सुहागिन महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने सोलह श्रृंगार किया और पति की दीर्घायु, परिवार की सुख–समृद्धि तथा अखंड सौभाग्य की कामना के साथ व्रत रखा। मवैया चौराहे स्थित पुरातन धाम बाबा अधीनदास जी के स्थान पर स्थित पौराणिक वट वृक्ष के नीचे सैंकड़ों महिलाओं ने विधि–विधान से पूजा–अर्चना की। मंदिर परिसर में पूरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा करते हुए उसके चारों ओर कच्चा धागा बांधा और परिक्रमा कर माता सावित्री एवं सत्यवान की कथा सुनी। पूजा के दौरान महिलाओं ने मंगल गीत गाए और परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की।



मान्यता है कि वट सावित्री व्रत करने से पति की आयु लंबी होती है तथा दांपत्य जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है। इस दौरान कई महिलाओं ने बताया कि भारतीय संस्.ति में यह व्रत केवल धार्मिक परंपरा ही नहीं, बल्कि पति–पत्नी के अटूट प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक भी है। पूजा के बाद महिलाओं ने एक–दूसरे को शुभकामनाएं दीं और प्रसाद वितरण किया गया। भारतीय संस्.ति में नारी को शक्ति, त्याग और समर्पण का स्वरूप माना गया है। यही कारण है कि हमारे देश में महिलाओं को देवी स्वरूप मानकर सम्मान दिया जाता है। भगवान राम के साथ माता सीता और भगवान .ष्ण के साथ राधा रानी का नाम श्रद्धा से लिया जाता है। वट सावित्री व्रत भी भारतीय संस्.ति में आदर्श नारीत्व और पति के प्रति समर्पण का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता सावित्री ने अपने तप, त्याग और दृढ़ संकल्प से यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। तभी से सुहागिन महिलाएं यह व्रत रखकर अपने पति की लंबी आयु और परिवार की सुख–समृद्धि की कामना करती हैं।निर्णयामृत एवं अन्य धार्मिक ग्रंथों में ज्येष्ठ मास की अमावस्या को वट सावित्री व्रत का विशेष महत्व बताया गया है। माना जाता है कि इस दिन वट वृक्ष का पूजन करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है तथा संतान सुख और परिवार में खुशहाली बनी रहती है। मवैया चौराहे स्थित बाबा अधीनदास जी के पावन धाम पर आयोजित पूजा में महिलाओं की आस्था देखते ही बन रही थी। दूर–दराज गांवों से पहुंची महिलाओं ने पूरे श्रद्धाभाव से पूजा–अर्चना कर क्षेत्र में धार्मिक और सांस्.तिक एकता का संदेश दिया। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्ति, उत्साह और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# रेलवे ट्रैक सुरक्षा, पत्थरबाजी रोकने का संकल्प

## - रेलवे पुलिस ने आम जनता के साथ की गोष्ठी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस महानिदेशक रेलवे लखनऊ प्रकाश डी, पुलिस महानिरीक्षक रेलवे प्रयागराज एन कोलांची, के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी विपुल कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में ग्राम सिमरिया मृदहा के पंचायत भवन में सिमरिया मृदहा व आसपास के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ संयुक्त गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में रेलवे ट्रैक सुरक्षा एवं पत्थर बाजी की घटनाओं से होने वाली जनहानि के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस तरह की घटनाएं न घटें इसके लिए ग्राम समिति को घटनाएं रोकने हेतु निरन्तर प्रयास करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। संयुक्त गोष्ठी में रेलवे ट्रैक और पत्थरबाजी से सम्बंधित जागरूकता अभियान के तहत बताया गया कि ट्रेनों में पत्थर फेंकना या रेलवे मार्ग को अवरुद्ध करना एक गम्भीर दण्डनीय अपराध है, इससे न केवल यात्रियों को चोट लग सकती



है बल्कि रेलवे सम्पत्ति को भी नुकसान पहुंचता है अभियान के दौरान अनुभाग झांसी में जीआरपी टीम द्वारा पूर्व में इस तरह की घटनाओं में संलिप्त रहे अभियुक्तों का भौतिक सत्यापन भी किया गया। पुलिस ने आम जनमानस से अपील की यदि कोई भी व्यक्ति रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध अवस्था मे दिखे या पत्थरबाजी जैसी घटना करते हुए पाया जाए तो तत्काल जीआरपी हेल्प लाइन नम्बर 1512 या यूपी 112 पर सूचित करें। साथ ही थानाध्यक्ष आरपी को निर्देशित किया गया कि जीआरपी, आरपीएफ व जिला पुलिस के साथ संयुक्त रूप से गश्त करें तथा संभ्रांत व्यक्तियीं तथा वालंटियरों की एक समिति बनाएं जिससे रेलवे ट्रैक की निगरानी होती रहे। पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी विपुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रेनों पर पत्थरबाजी न केवल अपराध है बल्कि यह यात्रियों की जान के साथ खिलवाड़ भी है, साथ ही श्री विपुल कुमार श्रीवास्तव ने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति पत्थर बाजी करेगा या रेल ट्रैक को अवरुद्ध करेगा को उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएएगी, जागरूकता अभियान के माध्यम से हम युवाओं और बच्चों को इसके परिणाम के प्रति सचेत कर रहे हैं, हमारा लक्ष्य रेल यात्रा को सुरक्षित व निर्बाध्य बनाना है। गोष्ठी में तमाम ग्रामीणों के साथ साथ पुलिस उपाधीक्षक रेलवे झांसी सलीम खान, क्षेत्राधिकारी अतर्रा नरैनी प्रवीण, प्रभारी जीआरपी शेरे आलम, प्रभारी आरपीएफ सुरुचि द्विवेदी, थाना प्रभारी अतर्रा अरविंद आदि मौजूद रहे।

# टूंडला के संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम व एसएसपी ने सुनीं समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप जन सामान्य की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता




एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की गरिमामयी उपस्थिति में तहसील टूंडला में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा फरियादियों की शिकायतों को अत्यंत गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना गया, आज के आयोजन में राजस्व, ग्राम्य विकास, स्वास्थ्य, पुलिस–प्रशासन और जन सुविधाओं से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों का अवलोकन करते हुए मौजूद अधिकारियों को कड़ी चेतावनी के साथ–साथ ससमय निस्तारण करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केंद्र भूमि विवादरू (ग्राम नगला छैकुर) ग्राम प्रधान संजय कुमार द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग को निर्देशित किया कि गाटा संख्या –303 पर चल रहे अवैध कब्जे को तत्काल मुक्त कराया जाए ताकि आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य सुचारू रूप से हो सके और ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। अतिक्रमण एवं पैमाईश संबंधी मामले रू विभिन्न ग्रामों (जैसे मौजा कार्तिक) से आई भूमि पैमाइश और पड़ोसियों द्वारा चक मार्ग व खेत दबाने की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी टूंडला को निर्देशित किया कि तत्काल क्षेत्रिय लेखपाल और कानूनगो की टीम गठित कर निष्पक्ष पैमाइश कराई जाए। जलभराव व संक्रमण रोगों से बचाव ग्राम नगला महादेव में तालाब की सफाई न होने और गांव में कीचड़ व जल भराव के कारण फैल रहे डेंगू जैसे संक्रामक रोगों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने व फॉगिंग कराने के सख्त निर्देश दिए। टूंडला स्थित स्टेशन रोड कपड़ा मार्केट में बरसों पुराने सार्वजनिक शौचालय को पुनः बनवाने से रोकने वाले दबंगों के खिलाफ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक को कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनहित के इस कार्य को निर्बाध पूरा करने हेतु निर्देशित किया। एक अत्यंत संवेदनशील मामले में स्वर्गीय रवि कुमार बाल्मीकि की पत्नी हंस देवी द्वारा क्षेत्रीय लेखपाल पर रिपोर्ट न लगाने व परेशान करने के आरोप पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की, उन्होंने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि 7 दिवस के भीतर आख्या उपलब्ध कराते हुए, पीड़िता को न्याय दिलाया जाए। इसी तरह ग्राम नगला खरगा निवासी कालीचरण ने जिलाधिकारी के समस्त उपस्थित होकर एक गंभीर शिकायत दर्ज कराई प्रार्थी ने बताया कि गाटा संख्या 227, 228, 231, 214, 215, 216, 224, 223, 370 आदि का सरकारी बंटवारा न्यायालय द्वारा अंतिम डिग्री जारी होने के बाद त–6 रजिस्टर में दर्ज हो चुका है, इसके बावजूद कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा पिछले 5 महीने से इस टरकाया जा रहा है और आदेश को खतौनी पर अंकित नहीं किया जा रहा है, बार–बार चक्कर काटने के कारण प्रार्थी मजदूरी भी नहीं कर पा रहा है, जिससे उसके परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। पीड़ित बुजुर्ग की व्यथा और कंप्यूटर ऑपरेटर की इस घोर लापरवाही को देखते हुए, जिलाधिकारी ने तहसीलदार टूंडला को निर्देशित किया कि इस प्रकरण पर तत्काल नियम अनुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा 1 घंटे के भीतर इसका पूरी तरह निस्तारण कर, इसकी आख्या उपलब्ध कराए, इस तरह जिलाधिकारी के समक्ष 151 मामले आए, जिनमें से 21 मामलों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस के दिन लोक कल्याणकारी कैंप लगाई जाए, जिसमें समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन विभाग, ग्राम विकास विभाग, का कैंप अवश्य लगना चाहिए, जिससे दूर दराज क्षेत्र से आने वाली जनता को सरकार की योजनाओं को अवगत कराया जा सके और उनकी समस्याओं का तत्काल निस्तारण भी कराया जा सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि जनता को सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने पड़े या जायज कामों के लिए भी परेशान होना पड़े तो संबंधित पटल सहायक व अधिकारी के खिलाफ दंडात्मक व विभागीय कार्रवाई सीधे अमल में लाई जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामबदन राम, पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं जिला वनाधिकारी आदि जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पोदला देवी के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं पर होगी कार्रवाई

## - प्रशासन ने किया भंडाफोड़

न्यूज वाणी ब्यूरो



कुर्रा, मैनपुरी । कुर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोदला में कथित पोदाला देवी प्रकरण पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए टेंट और बैरिकेडिंग हटवा दी। जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी सुनिष्ठा सिंह एवं सीओ करहल अजय चौहान मौके पर पहुंचे और देवी के नाम पर लगाए गए इंतजामों को हटाने के निर्देश दिए। प्रशासन ने स्पष्ट कहा कि अब पोदला में श्रद्धालुओं की भीड़ लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बाहर से दर्शन करने आने वाले लोगों के वाहनों का चालान काटा जाएगा तथा प्रशासनिक आदेशों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने यह भी चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति अव्यवस्था फैलाता है या प्रतिबंध के बावजूद भीड़ जुटाने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने तक की कार्रवाई हो सकती है। बताया जा रहा है कि कथित देवी द्वारा कुछ दिनों बाद समाधि लेने की बात कही जा रही थी, जिसको लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गांव पहुंच रहे थे। प्रशासन ने इसे अंधविश्वास और अव्यवस्था की स्थिति मानते हुए तत्काल हस्तक्षेप किया। दूर–दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं को बिना मुलाकात लौटना पड़ा। उपजिलाधिकारी सुनिष्ठा सिंह ने कन्या की मां ममता से कहा कि बच्ची को सामान्य जीवन और शिक्षा से जोड़ा जाए तथा आवश्यकता होने पर स्वास्थ्य विभाग से उसका परीक्षण कराया जाए। वहीं सीओ करहल अजय चौहान ने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। जिसमे उप जिलाधिकारी सुनिष्ठा सिंह, सीओ करहल अजय सिंह चौहान, थाना प्रभारी विक्रांत कुमार पुलिस बल के साथ राजस्व विभाग निरीक्षक राजेंद्र लेखपाल रविकांत लेखपाल कर्णवीर लेखपाल अवनीश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# राजकीय सिविल पेंशनर परिषद की नई कार्यकारिणी गठित, अमर बने जिलाध्यक्ष

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। राजकीय सिविल पेंशनर परिषद जिला शाखा की एक महत्वपूर्ण मासिक बैठक स्थानीय कोषागार पेंशनर कक्ष में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राजाबाबू बाजपेयी ने की। बैठक में मुख्य रूप से परिषद के पदाधिकारियों का द्विवार्षिक निर्वाचन सर्वसम्मति से संपन्न हुआ।

बैठक के प्रारंभ में अध्यक्ष की अनुमति से उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया गया तथा पूर्व कार्यकारिणी की कार्यवाही का कार्यवृत्त पढ़कर सुनाया गया तत्पश्चात अध्यक्ष राजाबाबू बाजपेयी ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज पदाधिकारियों का द्विवार्षिक निर्वाचन होना है। उन्होंने सदन से अपील की कि पदाधिकारियों का निर्वाचन यथासंभव सर्वसम्मति से किया जाए, जिसका उपस्थित सभी सदस्यों ने ध्वनिमत से समर्थन किया। सदन की पूर्ण सहमति के पश्चात, राजकीय सिविल पेंशनर परिषद जिला शाखा के लिए द्विवार्षिक कार्यकारिणी का सर्वसम्मत निर्वाचन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष अमर दत्त शर्मा, उपाध्यक्ष सांवले प्रसाद गुप्त, डॉ० अनुराग द्विवेदी, .ष्ण कान्त द्विवेदी, अमरचन्द गुप्ता, महामंत्री शान्तनु चतुर्वेदी, संगठन मंत्री सुरेन्द्र कुमार खरे, अशोक कुमार खन्ना, विजय बहादुर, संयुक्त मंत्री डॉ० जगत प्रसाद त्रिपाठी, बीके शुक्ला, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार गुप्ता, लेखा परीक्षक रामाधार अवस्थी, संरक्षक मण्डल शिव प्रसाद आर्य, हरि शंकर शुक्ला, राजा बाबू बाजपेयी, आरबी लाल निगम के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में .ष्ण बिहारी त्रिपाठी, प्रदीप कुमार निगम, राम मिलन यादव, अरविन्द कुमार मिश्रा, राम आसरे प्रसाद, अशोक कुमार तिवारी शामिल हैं। बैठक के अंत में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी गई।

# टीबी मुक्त भारत अभियान देश को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में अहम पहल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जनपद में स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 24 मार्च से 100 दिवसीय टी०बी० मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान देश को टी०बी०मुक्त बनाने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है। इसका सबसे बड़ा मकसद उन लोगों तक स्वास्थ्य सेवायें पहुँचाना है जो किसी वजह से अस्पताल तक नहीं पहुँच पाते हैं और समय रहते जाँच नहीं करा पाते हैं। इस अभियान के दौरान बाँदा जिले के आठ ब्लाकों में 175 उच्च प्राथमिकता वाले ग्राम सभाओं को चिन्हित किया गया है। जिसमें से 81 ग्राम सभाओं में 17620 मरीजों को रजिस्टर किये गये हैं। जिसमें से 14114 व्यक्तियों का एक्सरे हो चुका है तथा 692 नये मरीज चिन्हित किये जा चुके हैं। यह अभियान 24 मार्च 2026 से शुरू हुआ था जो जून 2026 तकचलेगा। इस दौरान गाँव–गाँव जाकर जागरूकता कार्यक्रम, स्क्रीनिंग के साथ–साथ टी०बी० के लक्षण जाँच और इलाज की सुविधाओं पर खास ध्यान दिया जा रहा है ताकि लोगों को टीबी के बारे में सही जानकारी प्राप्त हो सके और मरीजों का समय से इलाज शुरू हो सके। जनपद में जसपुरा, नरैनी, में स्क्रीनग कैम्प आयोजित किये जा चुके हैं। वर्तमान समय में ब्लाक बड़ोखर और महुआ में स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। माह जून 2026 में ब्लाक कमासिन, बबेरू, बिसण्डा, तिन्दवारी मे टीबी० स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किये जायेगें। आज दिनांक 16 मई 2026 को ब्लाक बड़ोखर खुर्द के सुरोली गाँव तथा ब्लाक महुआ के गाँव जमरेही में स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किया गया है। जहाँ पर कैम्प में आये हुये व्यक्तियों की जाँच की गई।

# डेंगू दिवस पर गोष्ठी व शपथ ग्रहण सम्पन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। राष्ट्रीय डेगू दिवस मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 विजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन एवं शपथ दिलाकर कर मनाया गया। जिसमें मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय डेगू दिवस 16 मई डेंगू नियंत्रण के लिये जन भागीदारी, जॉच करें, सफाई करे, ढकें की थीम के साथ मनाया जा रहा है। माह जून से अक्टूबर तक वेक्टर जनित रोगों को संक्रमण काल होता है इस मौसम में मच्छर जनित बुखार डेगू फैलने की सम्भावना अधिक रहती है डेगू एडीज मच्छर की दो प्रजातियों एडीज एल्बोपिक्ट्स एवं एडीज एजिप्टाई से फैलता है। एडीज मच्छर का प्रजनन स्थल 01 सप्ताह से अधिक, घरों के पात्रों में एकत्रित साफ ठहरा हुआ पानी है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वी0बी0डी0 डा0 आर0एन0 प्रसाद बांदा ने डेगू बुखार के लक्षण एवं बचाव के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि डेगू बुखार एक कष्टदायक, शरीर को दुर्बल करने वाला मच्छर जनित रोग है। और जो लोग दूसरी बार डेगू वायरस से संक्रमित हो जाते है उनमें गम्भीर बीमारी विकसित होने का काफी अधिक जोखिम होता है। डेगू बुखार के लक्षण मच्छर के काटने के 04 से 10 दिनों के बाद दिखाई देने लगते है। यह मच्छर दिन में काटता है और काला सफेद चित्तीदार दिखाई देता है। डेगू से बचने किये लिये मच्छरों को काटने बचें एवं घर तथा घर के आसपास साफ पानी एकत्रित न होने दें। लक्षण–अचानक तेज बुखार, ऑखों के पीछे दर्द, जोडो और मासपेसियों में दर्द, त्वचा पर लाल चकत्ते पडना, प्लेटलेट्स तेजी से डाउन होना। सामान्य बुखार होने पर नजदीक के राजकीय चिकित्सालय/प्रा0स्वा0केन्द्र, सामु0स्वा0केन्द पर रक्त की जांच एवं उपचार अवश्य करायें। कोई भी बुखार डेगू हो सकता है। घर के कूलर, बाल्टी घडे तथा ड्रम का पानी, फ्रिज ट्रे, नारियल के खोल, ओवर हैड टैंक, गमले, पशु पक्षियों को रखे पानी के पात्र, टायर एवं अनउपयोगी पात्रों को साप्ताहिक अन्तराल पर खाली करते रहें। घर के आस पास एवं गड्ढों में पानी एकत्रित न होने दे। पानी एकत्रित होने वाले स्थानों को मिट्टी से भर दे, यदि सम्भव न हो तो, कुछ बूंद जले हुए मोबिल आयल को अवश्य डाल दे। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। शरीर पर मच्छर निरोधक क्रीम ध्नीम तथा सरसों के तेल का लेप खुले भागों पर लगायें। नीम की पत्ती का धुआं करें। बच्चों को फुल बॉह के कपडें, जूते मोजे पहनायें। घर के आस पास छत पर तथा आंगन में पडे पुराने बर्तनों, टायर, कूलर फूलदान, गमले में पानी इकट्ठा न होने दें। घर के आस पास कूड़ा एकत्रित न होने दें एवं सफाई पर ध्यान दें। घर में यदि बुखार का रोगी है तो उसे बिना मच्छरदानी के न रहने दें अथवा ऐसे कमरें में रोगी की देखभाल करें जिसके खिड़की तथा दरवाजे पर जालियां लगी हों। बुखार का रोगी बिना रक्त की जांच कराये दवा का इस्तेमाल न करें तथा खाली पेट दवा न खाये। उक्त कार्यक्रम में जिला मलेरिया अधिकारी पूजा अहिरवार, सहायक मलेरिया अधिकारी विजय बहादुर, जिला वेक्टर जनित रोग सलाहकार प्रदीप कुमार कुशवाहा, एस0एल0टी0 बृज विहारी, मलेरिया निरीक्षक राज कुमार, आनन्द मिश्रा, परीक्षित द्विवेदी, भानू प्रताप सिह एवं फाइलेरिया निरीक्षक सूरज खिरिया, कीट संग्रहकर्ता, फील्ड सुपरवाइजर एवं फील्ड वर्कर उपस्थित रहे।

# परशुराम सेवा समिति ने व्यक्त की शोक संवेदना

न्यूज वाणी ब्यूरो



इकदिल, इटावा। भाजपा के वरिष्ठ नेता सदर विधायक के प्रतिनिधि हरी नारायण बाजपेयी की माता कमला बाजपेयी के आकस्मिक निधन पर एवं ब्राह्मण महासभा (रा) के जिलाध्यक्ष बंटी बाजपेयी के बड़े भाई गुड्डू बाजपेयी के निधन पर परशुराम सेवा समिति के पदाधिकारियों ने उनके आवास पर पहुँच कर शोक संवेदना व्यक्त की। शोक व्यक्त करने वालों में प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट, संरक्षक प्रदीप कुमार पाण्डेय, विनय कुमार द्विवेदी, राजेंद्रदेव दुबे, गोपालजी मिश्रा, रोहित चौधरी, आशुतोष त्रिपाठी, राहुल प्रकाश दीक्षित, मनोज चौधरी बंटी, शिवाकांत दुबे, धर्मेन्द्र दुबे, गोपाल मिश्रा, राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत चतुर्वेदी, रामरूप दुबे आदि शामिल रहे।

# गर्मियों में बढ़ रहे फूड पॉइजनिंग व पेट संक्रमण को लेकर एडवाइजरी जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में बढ़ती गर्मी और तापमान में लगातार हो रहे बदलाव के बीच पेट से जुड़ी बीमारियों के मामलों में तेजी देखी जा रही है। इसी को देखते हुए अपोलो स्पेक्ट्रा, कानपुर ने आम जनता के लिए फूड पॉइजनिंग, उल्टी–दस्त और पेट संक्रमण को लेकर महत्वपूर्ण स्वास्थ्य एडवाइजरी जारी की है। खानपान में सावधानी बरतने की अपील। अस्पताल के गैस्ट्रो सर्जरी विशेषज्ञ डॉ० साद अनवर, सीनियर कंसल्टेंट के अनुसार, गर्मियों में अधिक तापमान और खराब फूड हैंडलिंग के कारण बैक्टीरियल और वायरल संक्रमण




तेजी से फैलते हैं, जिससे लूज मोशन, वॉमिटिंग, एसिडिटी, पेट दर्द और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान 40 ह के आसपास पहुंचने के साथ ही अस्पतालों की ओपीडी में स्टमक इन्फेक्शन और फूड पॉइजनिंग के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। लक्षण, जोखिम और बचाव– क्या रखें ध्यान डॉ० साद अनवर ने बताया फूड पॉइजनिंग और पेट संक्रमण के प्रमुख लक्षणों में बार–बार वॉमिटिंग होना, दस्त लगना, पेट में मरोड़ या दर्द, बुखार, कमजोरी, भूख कम लगना और शरीर में पानी की कमी शामिल हैं। यह समस्या बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पहले से लिवर, किडनी या डायबिटीज जैसी बीमारियों से पीड़ित लोगों में अधिक गंभीर हो सकती है। गर्मियों में बाहर का खुला भोजन, कई घंटों तक रखा खाना, कटे हुए फल, दूषित पानी और अस्वच्छ तरीके से तैयार भोजन संक्रमण का सबसे बड़ा कारण बनते हैं। उन्होंने सलाह दी कि लोग बाहर का खुला और बासी खाना खाने से बचें, पर्याप्त मात्रा में साफ पानी और ओआरएस का सेवन करें, भोजन से पहले और बाद में हाथ जरूर धोएं तथा ज्यादा ऑयली और मसालेदार खाने को सीमित रखें। इसके अलावा, बच्चों को सड़क किनारे मिलने वाले खुले खाद्य पदार्थों से दूर रखें और घर में बने ताजे व हल्के भोजन को प्राथमिकता दें। डॉक्टरों ने यह भी कहा कि गर्मी में शरीर में पानी की कमी बहुत तेजी से हो सकती है, इसलिए डिहाइड्रेशन के शुरुआती संकेतों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अस्पताल प्रशासन के अनुसार अपोलो स्पेक्ट्रा, कानपुर में पेट संक्रमण और फूड पॉइजनिंग से पीड़ित मरीजों के लिए 24 7 इमरजेंसी सुविधा, आईवी लूड मैनेजमेंट और गैस्ट्रो विशेषज्ञों की विशेष टीम उपलब्ध है। विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर इलाज और सही हाइड्रेशन से अधिकांश मामलों को गंभीर होने से रोका जा सकता है। यदि उल्टी–दस्त लंबे समय तक बने रहें, पेशाब कम होने लगे, तेज बुखार आए या अत्यधिक कमजोरी महसूस हो तो तुरंत चिकित्सकीय सहायता लेनी चाहिए।

# तहसील दिवस में उमड़ी फरियादी, डीएम-एसपी ने सुनीं समस्याएं

## - 322 शिकायतें पहुंचीं, 24 का मौके पर निस्तारण

## - अफसरों को गुणवत्ता के साथ कार्रवाई के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आमजन की समस्याओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए शुक्रवार को खागा तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने संयुक्त रूप से की। संपूर्ण समाधान दिवस में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे। राजस्व, पुलिस, .षि, शिक्षा, स्वास्थ्य, चकबंदी, विद्युत, आवास, पेंशन, सिंचाई, महिला कल्याण, पूर्ति एवं भूमि विवाद समेत विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 322 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 24 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष प्रार्थना पत्र संबंधित विभागों को भेजते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शासकीय कार्यों में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे और कोई भी जरूरतमंद योजना से वंचित न रहे। साथ ही शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और संवेदनशीलता बरतने के निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई कर भरोसा कायम रखा जाए। इस दौरान उपजिलाधिकारी खागा, क्षेत्राधिकारी खागा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला .षि अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, एलडीएम, खंड विकास अधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# कोरम के अभाव में टली नगर पालिका बोर्ड बैठक

## – बजट पर नहीं हो सकी चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। नगर पालिका परिषद की महत्वपूर्ण बोर्ड बैठक क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव की मौजूदगी में आयोजित हुई, लेकिन पर्याप्त संख्या में सभासदों के उपस्थित न होने के कारण बैठक स्थगित करनी पड़ी। कोरम पूरा न होने से बजट सहित विभिन्न विकास प्रस्तावों पर कोई चर्चा नहीं हो सकी नगर पालिका अध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार ने बताया कि बैठक के लिए सभी 25 सभासदों को पूर्व निर्धारित एजेंडा भेजा गया था, लेकिन बैठक में केवल 14 सभासद ही पहुंचे। निर्धारित संख्या पूरी न होने के कारण कार्यवाही आगे नहीं बढ़ाई जा सकी। उन्होंने कहा कि अब आगामी 25 मई को पुनः बोर्ड बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें बजट और अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे। पालिका अध्यक्ष ने सभी सभासदों से अगली बैठक में अनिवार्य रूप



से शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि यदि किसी सभासद को किसी प्रकार की समस्या या शिकायत है तो वह खुलकर अपनी बात रखें, ताकि उसका समाधान किया जा सके। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है। कई सभासदों ने पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी श्याम वचन सरोज पर मनमानी तथा भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने के आरोप लगाए थे। सभासदों का कहना था कि उनके वार्डों में विकास कार्यों की अनदेखी की जा रही है और मूलभूत सुविधाओं के वितरण में भी असमानता बरती जा रही है। इन आरोपों को लेकर सभासदों ने नगर पालिका परिसर में विरोध प्रदर्शन भी किया था। ऐसे माहौल में विधायक की मौजूदगी के बावजूद कई सभासदों का बैठक में न पहुंचना नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। राजनीतिक गलियारों में इसे अंदरूनी असंतोष और बढ़ते मतभेदों से जोड़कर देखा जा रहा है। बैठक स्थगित होने के बाद अब नगरवासियों और सभासदों की नजरें 25 मई को होने वाली अगली बोर्ड बैठक पर टिकी हैं, जहां बजट और विकास कार्यों को लेकर अहम फैसले होने की उम्मीद जताई जा रही है। बैठक का बहिष्कार करने वाले सभासद राजीव यादव, प्रमोद कुमार, कमल प्रकाश, इरफान, संजय कुमार, संजीव यादव, अंकित कुमार, देवेन्द्र यादव, सोनी शाक्य, धमला देवी, मंजू देवी, रुचि शर्मा, गीता यादव शामिल हैं।

# राज्यमंत्री कृष्णा पासवान का क्षत्रिय महासभा ने किया स्वागत

## - स्वागत से गदगद राज्यमंत्री ने हरसंभव मदद का दिया भरोसा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा विधानसभा से चार बार की विधायक एवं अभी



हाल ही में राज्यमंत्री बनीं कृष्णा पासवान का अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों ने भारी–भरकम माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। स्वागत से गदगद राज्यमंत्री ने संगठन के पदाधिकारियों को भरोसा दिलाया कि जहां भी उनकी जरूरत पड़ेगी वह संगठन की हरसंभव मदद करेंगी। शनिवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से राज्यमंत्री कृष्णा पासवान के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर ने किया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्यमंत्री बनाए जाने पर सभी पदाधिकारी कृष्णा पासवान के आवास पहुंचें। जहां भारी भरकम माला एवं प्रतीक चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया। सभी सम्मानित पदाधिकारियों ने .ष्णा पासवान जिन्दाबाद एवं क्षत्रीय एकता जिन्दाबाद के जयघोष भी लगाए। राज्यमंत्री ने संगठन को हरसंभव मदद का भरोसा दिया। जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर ने स्वागत कार्यक्रम में आए हुए सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नागेन्द्र सिंह चौहान, मण्डल उपाध्यक्ष प्रयागराज, आरपी सिंह भदौरिया, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अमित सिंह परिहार, समरबीर सिंह चौहान, सोनू सिंह परिहार, पंकज सिंह तोमर, मोनू सिंह राजावत, राघवेंद्र सिंह चौहान, भूपेन्द्र सिंह चौहान, कामिनी सिंह चौहान, ध्यानेंद्र सिंह चौहान, ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान, सोनू सिंह बगिया, नीतू सिंह, बीनू सिंह आदि मौजूद रहे।

# आसमान से बरसी आग, 42 डिग्री पार पहुंचा पारा

## – तपिश से बेहाल हुए लोग, दोपहर बाद सड़कों पर पसरा सन्नाटा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मई की तपती दोपहरी ने जिले में लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। शनिवार को सूर्यदेव ने ऐसा रौद्र रूप दिखाया कि आसमान से मानो आग बरसने लगी। जिले का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचते ही गर्म हवाओं और चिलचिलाती धूप ने लोगों को बेहाल कर दिया। बीते तीन दिनों से लगातार बढ़ रही गर्मी ने आम जनजीवन पर सीधा असर डालना शुरू कर दिया है। दोपहर होते–होते शहर की सड़कें सूनी नजर आने लगीं। जरूरी काम होने पर ही लोग घरों से बाहर निकले। बाजारों और प्रमुख मार्गों पर सन्नाटा पसरा दिखाई दिया। तेज धूप और गर्म हवाओं के थपेड़ों से राहगीरों का हाल बेहाल रहा। लोग सिर पर गमछा और चेहरे को कपड़ों से ढंककर निकलते दिखे। भीषण गर्मी का असर सिर्फ इंसानों पर ही नहीं बल्कि पशु–पक्षियों पर भी साफ नजर आया। पेड़ों की छांव में जानवर सुस्ताते दिखे तो वहीं प्यास से बेहाल पक्षी पानी की तलाश में इधर–उधर भटकते रहे। शहर के कई स्थानों पर दोपहर के समय सड़कों पर आवारा पशु भी कम दिखाई दिए। गर्मी बढ़ने के साथ ही ठंडे पेय पदार्थों, बेल के शरबत, नींबू पानी और आइसक्रीम की दुकानों पर लोगों की भीड़ बढ़ गई।



चिकित्सकों ने भी लोगों को दोपहर में धूप से बचने, अधिक पानी पीने और जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी है। मौसम के तेवर देखकर लोगों का कहना है कि यदि तापमान इसी तरह बढ़ता रहा तो आने वाले दिनों में हालात और भी कठिन हो सकते हैं।

# सीओ कार्यालय पहुचे एसपी, अभिलेखों की परखी हकीकत

## – लंबित विवेचनाओं के जल्द निस्तारण व जनसुनवाई को प्रभावी बनाने के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी खागा कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं



का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय अभिलेखों, अपराध रजिस्टरों, लंबित विवेचनाओं और शिकायत पंजिका का गहन अवलोकन किया तथा कार्यप्रणाली की समीक्षा की।

एसपी ने कार्यालय परिसर की साफ–सफाई और अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख–रखाव पर विशेष जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के निर्देश भी दिए, ताकि फरियादियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण और शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी खागा सहित कार्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# डीएम ने खागा तहसील का किया निरीक्षण

## - पुराने वादों के निस्तारण व रिकार्ड के बेहतर रख-रखाव के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। संपूर्ण समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने शनिवार को खागा तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील के विभिन्न पटलों, न्यायालयों और अभिलेखों की गहन जांच करते हुए अधिकारियों को लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण और रिकॉर्ड के बेहतर रखरखाव के निर्देश दिए। डीएम ने नायब तहसीलदार कोर्ट, तहसीलदार न्यायिक कोर्ट समेत कई शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तहसील के बड़े बकायेदारों से संबंधित फाइलों को देखा और उनके निस्तारण की प्रगति पर जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी पत्रावलियों का रखरखाव व्यवस्थित ढंग से किया जाए तथा लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विशेष रूप से धारा–67 के पुराने वादों पर नाराजगी जताते हुए उन्हें तत्काल निस्तारित कराने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य मामलों में भी समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि तहसील के सभी पटलों का नियमित निरीक्षण किया जाए, ताकि कार्यों में पारदर्शिता और गति बनी रहे। तहसील परिसर में साफ–सफाई और अभिलेखों के रखरखाव को लेकर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त किया, हालांकि कुछ व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी खागा अभिनीत कुमार, तहसीलदार शैल कुमारी, नायब तहसीलदार एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



# समाधान दिवस में पहुंचीं दस शिकायतें, एक का भी निस्तारण नहीं

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में आमजन की समस्याएं सुनी गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी कुमार सत्यमजीत और अपर पुलिस अधीक्षक अभय नाथ त्रिपाठी ने की। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 10 शिकायतें दर्ज हुईं, लेकिन किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। अधिकारियों ने संबंधित विभागों के कर्मचारियों और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों



की मौके पर जांच कर समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। समाधान दिवस में भूमि विवाद, रास्ता, अतिक्रमण और सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। ग्राम सुगंध नगर निवासी सुदामा देवी ने अपने पैतृक मकान पर दबंगों द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। वहीं ग्राम बलरई निवासी गोपाल प्रसाद ने बंद पड़े रास्ते को खुलवाने की मांग उठाई। ग्राम नगला छाते निवासी रामनिवास ने गांव के तालाब में गंदगी होने के कारण भैंस गिरकर मर जाने का आरोप लगाते हुए तालाब की सफाई कराने की मांग की। नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश गुप्ता ने मोहन की मढ़ैया स्थित काली माता मंदिर को जोड़ने वाली पुलिया के निर्माण के लिए प्रार्थना पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि पुलिया न होने से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह, तहसीलदार नेहा सचान, खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं को निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# जिंदा हूं साहब, मुझे कागजों में मार दिया!

## - तहसील में फर्जी वाड़े का खुलासा, लेखपाल-कर्मचारियों की मिलीभगत के आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस उस समय भावुक और सनसनीखेज मोड़ पर पहुंच गया, जब एक सत्तर वर्षीय बुजुर्ग डंडे के सहारे जिलाधिकारी के सामने पहुंचा और कांपती आवाज में बोला साहब, मैं जिंदा हूं। यह सुनते ही वहां मौजूद अधिकारी, कर्मचारी और फरियादी स्तब्ध रह गए। कुछ पल के लिए पूरा सभागार शांत हो गया। मामला खागा तहसील क्षेत्र के वालीपुर एकडला गांव का है। गांव निवासी वृद्ध ने जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि तहसील के अभिलेखों में उसे मृत घोषित कर दिया गया है। इतना ही नहीं, उसकी करीब एक बीघा दो बिस्वा जमीन को दूसरे व्यक्ति के नाम वरासत भी कर दिया गया। वृद्ध ने बताया कि उसे इस पूरे फर्जीवाड़े की जानकारी तब हुई, जब वह अपनी जमीन संबंधी काम से तहसील पहुंचा। वहां उसे पता चला कि सरकारी कागजों में उसकी मौत दर्ज हो चुकी है और उसकी जमीन किसी दूसरे के नाम चढ़ा दी गई है। यह सुनते ही उसके होश उड़ गए। पीड़ित का आरोप है कि लेखपाल और तहसील के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से यह पूरा खेल किया गया। जमीन हड़पने के इरादे से उसे सरकारी रिकॉर्ड में मृत दिखा दिया गया। इसके बाद चुपचाप जमीन की वरासत भी दूसरे व्यक्ति के नाम कर दी गई। अपने ही जिंदा होने का प्रमाण देने के लिए बुजुर्ग कई दिनों तक अधिकारियों और तहसील के चक्कर काटता रहा, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। आखिरकार शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में वह अपनी फरियाद लेकर जिलाधिकारी के सामने पहुंच गया। जैसे ही वृद्ध ने डीएम के सामने कहा साहब, मैं जिंदा हूं, मुझे कागजों में मार दिया गया है, वहां मौजूद लोग भी भावुक हो उठे। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के



आदेश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही वृद्ध को न्याय दिलाने का भरोसा भी दिलाया।

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488



# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, ससुरालियों पर हत्या का आरोप

### – भूमि बैनामा न करने पर बेटी को किया प्रताड़ित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र में सामूहिक विवाह योजना के तहत ब्याही गई एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की मां ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने और हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चक काजीपुर (कचपुरवा) निवासी सुदामा पत्नी रोशन लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी इकलौती पुत्री लक्ष्मी देवी का विवाह करीब एक वर्ष पूर्व अर्जुन पुत्र चन्द्रभान निवासी उसी गांव के साथ सरकार की सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज में जमीन अपने नाम कराने का दबाव बना रहे थे। मृतका की मां के मुताबिक, ससुर चन्द्रभान, पति अर्जुन, चचिया ससुर चन्द्रकिशोर समेत अन्य परिजन लगातार लक्ष्मी को प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि जब प्रार्थिनी ने अपनी भूमि बेटियों के नाम बैनामा कर दी, तो ससुरालियों का रवैया और आक्रामक हो गया तथा लक्ष्मी के साथ मारपीट और गाली–गलौज बढ़ गई। तहरीर के अनुसार शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे अर्जुन ने फोन कर सूचना दी कि लक्ष्मी की तबीयत खराब है और तत्काल आने को कहा। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो लक्ष्मी बेसुध अवस्था में मिली। आनन–फानन में उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां परिजनों ने आरोप लगाया कि ससुरालियों ने उसकी हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया। मृतका के परिजनों ने ज्वाला सिंह पुत्र प्रताप सिंह निवासी डडीवा थाना हुसेनगंज का नाम भी घटना में शामिल होने का आरोप लगाया है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है, जबकि गांव में भी तरह–तरह की चर्चाएं हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# तीन लोगों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत बीते चौबी घन्टों के अन्तराल में तीन लोगों ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार मलवां थाना क्षेत्र के धरमपुर मजरे असवार तारापुर निवासी राजेश प्रताप सिंह की 28 वर्षीय पत्नी सुमन देवी ने घर के अन्दर परिवार की कलह के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह निवासी स्व0 दिनेश चन्द्र का 70 वर्षीय पुत्र शिवशंकर ने घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनो के अनुसार उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। वहीं हथगाम थाना क्षेत्र के सरांय साबा नगरा गांव निवासी स्व0 रामस्वरूप का 48 वर्षीय पुत्र सत्यजीत ने अज्ञात कारणो द्वारा फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। वहीं घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव ने तीनों शवों को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# आरा मशीन पट्टे में फंस कर मजदूर घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बारामील में शनिवार की सुबह आरा मशीन के पट्टे में फंस कर 55 वर्षीय मजदूर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गोपीपुर गांव निवासी स्व0 महावीर पुत्र सियाराम बारामील स्थित आरा मशीन में काम करता है। आज सुबह लगभग 11 बजे काम करते समय अचानक आरा मशीन के पट्टे में फंस गया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

## गंगा में डूबकर किशोर की मौत, चार को बचाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शनिवार को एक भीषण दुर्घटना होते–होते बच गई। फरिश्ता बनकर आ रहे महेश निषाद ने डूब रही चार महिलाओं को तो साड़ी खींच कर बचा लिया लेकिन उसका ध्यान एक बच्चे की तरफ जा पाया और वह डूब गया। उसकी मौत हो गई। अगर महेश निषाद अचानक नहीं पहुंच जाता तो गांव में पांच–पांच लाशें पड़ी होतीं। चारों तरफ कोहराम मचा होता। उधर बच्चे की मौत पर पारिवारिक जनों में रो–रो कर बुरा हाल रहा। इंस्पेक्टर सुल्तानपुर घोष तेज बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रधान अनूप सिंह तथा ग्रामीणों के सहयोग से जाल डालकर बच्चे का शव निकाला गया। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के खरगूपुर बरगला ग्राम सभा के मजरे टंडवापर गंगा घाट में अमावस्या के दिन स्नान होता है। स्नान करने गईं चार महिलाएं और एक बच्चा गहरे पानी में चले गए। इजूरा खुर्द से पैदल टंडवापर गांव की तरफ आ रहे महेश निषाद ने देखा कि महिलाएं डूब रही हैं। उन्होंने साहस दिखाते हुए चारों महिलाओं की साड़ियां किसी तरह से पकड़ी और बाहर निकाल लिया लेकिन इस बीच 10 वर्षीय रत्नेश पुत्र राजू यादव की जानकारी उसे नहीं मिल पाई। बाद में महिलाओं ने बताया कि वह बच्चा साथ में था। महेश निषाद गंगा नदी में कूद कर उसे तलाशने लगा लेकिन मिला नहीं। इसके बाद ग्राम प्रधान अनूप सिंह और ग्रामीणों ने इंस्पेक्टर तेज बहादुर सिंह तथा पुलिस बल के साथ नदी में जाल डाला और बच्चे के शव को बरामद कर लिया। कुल मिलाकर अगर थोड़ी देर भी महेश निषाद का मौके पर आना नहीं होता तो शनिवार गांव के लिए काला दिवस बन जाता। साहस का परिचय देते हुए महेश निषाद ने जिस तरह चार महिलाओं को एक साथ डूबने से बचाया, उसकी सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। प्रशासनिक स्तर पर भले न उसको नोटिस में लिया जाए लेकिन चार–चार महिलाओं को डूबने से बचाने वाले महेश निषाद को इस बात का गर्व है कि उसने चार लोगों की जान बचाई और दुख है कि वह बच्चे को नहीं बचा सका। समाचार पत्र महेश निषाद के साहस को सलाम करता है जिसने अपनी सूझबूझ एवं बहादुरी से मौत का तांडव होने से बचा लिया। उधर दस वर्षीय रत्नेश की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# वट सावित्री व्रत पर सुहागिनों की उमड़ी आस्था

### - बरगद तले पूजा-अर्चना कर मांगी पति की लंबी उम्र
### - सेल्फी लेकर महिलाओं ने यादगार बनाए पल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शनिवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में सुहागिन महिलाओं की भीड़ बरगद के पेड़ों के नीचे उमड़ पड़ी। महिलाओं ने विधि–विधान से पूजा–अर्चना कर अपने पति की लंबी आयु, सुख–समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। इस दौरान कई स्थानों पर महिलाओं ने पूजा के बाद सेल्फी लेकर इस खास पल को यादगार भी बनाया। सुबह होते ही महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पूजा की थाल लेकर मंदिरों और बरगद के पेड़ों के पास पहुंचने लगीं। किसी ने लाल साड़ी पहन रखी थी तो कोई पारंपरिक परिधान में नजर आई। महिलाओं ने बरगद के वृक्ष की परिक्रमा करते हुए कच्चा धागा बांधा और सावित्री–सत्यवान की कथा सुनी। शहर के देवीगंज, पटेल नगर, आबूनगर, ज्वालागंज समेत कई मोहल्लों में पूजा–अर्चना का विशेष आयोजन हुआ, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी यह पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। पूजा स्थलों पर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कई जगह महिलाओं ने समूह बनाकर भजन–कीर्तन भी किए। पूजा के बाद महिलाएं एक–दूसरे को व्रत की शुभकामनाएं देती नजर आईं। वहीं युवा महिलाओं और नवविवाहिताओं में सेल्फी लेने का अलग ही उत्साह दिखाई दिया। बरगद के पेड़ के नीचे पूजा करते हुए और सहेलियों के साथ तस्वीरें खिंचवाकर उन्होंने इस पल को सोशल मीडिया पर भी साझा किया। पंडितों के अनुसार वट सावित्री व्रत भारतीय संस्ःति में पति–पत्नी के अटूट प्रेम और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि माता सावित्री ने अपने तप और संकल्प से यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। तभी से सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना के लिए यह व्रत रखती हैं। दिनभर शहर के विभिन्न मंदिरों और पूजा स्थलों पर महिलाओं की आवाजाही बनी रही। बाजारों में भी पूजा सामग्री, श्रृंगार और फल–फूल की दुकानों पर सुबह से रौनक दिखाई दी। पूरे जिले में वट सावित्री व्रत को लेकर धार्मिक और उत्सवी माहौल बना रहा।



# अप-डाउन वाला सरकारी सिस्टम, पीएम-सीएम की अपील रह गई धरी

### - अफसर-कर्मचारी रोज फूंक रहे पेट्रोल-डीजल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। देश में बढ़ती ईंधन खपत को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार पेट्रोल–डीजल बचाने की अपील कर रहे हैं। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकारी बैठकों और सार्वजनिक मंचों से ऊर्जा संरक्षण का संदेश देते नजर आते हैं, लेकिन जिले में तैनात कई अधिकारी और कर्मचारी इस अपील को गंभीरता से लेते दिखाई नहीं दे रहे। सूत्रों के अनुसार जिले के कई विभागों में कार्यरत कर्मचारी और अधिकारी आज भी गैर जनपदों से रोजाना निजी वाहनों के जरिए लंबी दूरी तय कर ड्यूटी करने पहुंच रहे हैं। इनमें कई ऐसे भी हैं जिन्होंने कानपुर और प्रयागराज जैसे बड़े शहरों में स्थायी ठिकाना बना रखा है, जबकि उनकी तैनाती जिले की तहसीलों, ब्लॉकों और जिला मुख्यालयों में है। जनपद के 13 विकास खंडों और विभिन्न तहसील कार्यालयों में तैनात कई कर्मचारी प्रतिदिन सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय कर नौकरी करने आते हैं। खासतौर पर खागा तहसील क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक कर्मचारियों के रोजाना बाहर से आने–जाने की चर्चा जोरों पर है। इससे न सिर्फ पेट्रोल और डीजल की खपत बढ़ रही है, बल्कि सरकारी योजनाओं और कार्यालयी कार्यों की गति भी प्रभावित होने की बात सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब देश और प्रदेश के सर्वोच्च जनप्रतिनिधि खुद ईंधन बचत की बात कर रहे हैं, तब सरकारी मशीनरी में तैनात कर्मचारियों को इसका पालन सबसे पहले करना चाहिए। लोगों का मानना है कि यदि अधिकारी और कर्मचारी अपने कार्यस्थल के आसपास निवास करें तो समय की बचत होगी, सरकारी कामकाज में तेजी आएगी और ईंधन की बर्बादी भी रुकेगी। जानकार बताते हैं कि यह समस्या वर्षों पुरानी है। पूर्व में कई जिलाधिकारियों ने बाहरी जनपदों से रोजाना आने–जाने वाले कर्मचारियों पर नियंत्रण लगाने की कोशिश की, लेकिन व्यवस्था में कोई बड़ा बदलाव नहीं हो सका। अब जबकि देशभर में ईंधन संरक्षण को लेकर गंभीरता दिखाई जा रही है, ऐसे में यह मुद्दा फिर चर्चा में आ गया है। लोगों का कहना है कि जिला, तहसील और ब्लॉक स्तर पर तैनात कर्मचारियों के नियमित आवागमन की समीक्षा की जानी चाहिए। साथ ही ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों से जवाब भी मांगा जाना चाहिए कि आखिर पदस्थापना स्थल पर न रहकर वे गैर जनपदों से आकर नौकरी क्यों कर रहे हैं? जनता का कहना है कि यह केवल नियमों की अनदेखी नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की अपील की भी खुली अनदेखी है।

## सरकारी जिम्मेदारी या निजी सुविधा?

जनता के बीच अब यह सवाल तेजी से उठ रहा है कि जब आम लोगों से ईंधन बचाने की अपील की जाती है, तो क्या सरकारी तंत्र में बैठे लोगों की कोई जिम्मेदारी नहीं बनती? लोगों का कहना है कि अगर अधिकारी और कर्मचारी स्थानीय स्तर पर रहकर कार्य करें तो प्रशासनिक व्यवस्था और विकास योजनाओं का संचालन भी अधिक प्रभावी हो सकता है।

# जनहित की मांगों पर अपना दल एस ने किया प्रदर्शन

### – एसडीएम के जरिए सीएम को भेजा ग्यारह सूत्रीय मांग पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनहित से जुड़ी मांगों को लेकर शनिवार को अपना दस के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तत्पश्चात सीएम को संबोधित ग्यारह सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपकर सभी मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाई। अपना दल एस के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र पटेल की अगुवई में पदाधिकारी नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट आए और सीएम को भेजे गए ग्यारह सूत्रीय ज्ञापन में मांग किया कि विधानसभा हुसैनगंज स्थित चौराहे पर भगवान गौतम बुद्ध जी की प्रतिमा स्थापित कराई जाए, सदर अस्पताल चौराहे का नाम पूर्व मंत्री बाबू जागेश्वर चौराहा घोषित किया जाए, गाजीपुर चौराहे पर राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की प्रतिमा स्थापित कराई जाए, कुंवरपुर रोड बिन्दकी बाईपास पर संस्थापक एवं प्रेरणास्त्रोत स्व0 डा0 सोनेलाल पटेल जी की प्रतिमा स्थापित कराई जाए, तहसील विजयीपुर चौराहे पर मिसाइल मैन व पूर्व राष्ट्रपति डा0 एपीजे अब्दुल कलाम की प्रतिमा स्थापित कराई जाए, प्राइवेट बस मालिकों द्वारा ई–रिक्शा चालकों के साथ मारपीट व उत्पीड़न की घटनाएं की जा रही हैं जिस पर तत्काल रोक लगाते हुए दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, किसानों की समस्याओं को देखते हुए जनपद में अतिशीघ्र पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जाए, परिवहन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से जनपद में भारी वाहनों की ओवरलोडिंग निरंतर जारी है। जिस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए, जनपद में खनन विभाग की मिलीभगत से खदानों में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं एवं घपलेबाजी की जा रही है उक्त प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाए, जिले में संचालित मान्यता विहीन विद्यालयों को तत्काल बंद कराया जाए साथ ही ग्राम समाज की पषुचर, खलिहान, खाद गड्ढा व हडराही की अनुपयुक्त एवं अव्यवहृत भूमि को नियमानुसार ग्राम सभा के नाम स्थानांतरित करते हुए जनहित के कार्यों हेतु सुरक्षित किया जाए। इस मौके पर पदम सिंह पटेल, शिव प्रकाश रावत, विकास पासवान, संग्राम सिंह, शिवांस पटेल, विपिन कौशल, दिलदार अली, दीपांशु पटेल, अमित पटेल, आलोक पाण्डेय, अजीत कुमार, महेश कुमार, बृजेश पाल भी मौजूद रहे।



# बीडीसी बैठक में तीन करोड़ के विकास कार्यों के प्रस्ताव पारित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बहुआ ब्लॉक परिसर में क्षेत्र पंचायत समिति (बीडीसी) की बैठक संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। बैठक में करीब 3 करोड़ रुपये के विकास कार्यों से संबंधित प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में बीडीओ रत्नाकर त्रिपाठी, सीडीपीओ के. चंद्र, बीईओ हौसला प्रसाद, लेखाकार मोहम्मद फुरकान अंसारी सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया, जिसमें विकास योजनाओं और वित्तीय प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख संतोष की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक विकास गुप्ता ने बैठक में पहुंचकर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार गांवों के विकास, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने–अपने क्षेत्रों की समस्याएं और विकास संबंधी प्रस्ताव रखे, जिन पर चर्चा के बाद स्वी.ति प्रदान की गई। लेखाकार मोहम्मद फुरकान अंसारी ने वित्तीय प्रस्तावों और विकास कार्यों से संबंधित बिंदुओं पर आवश्यक जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में विकास कार्यों को गति देने पर जोर दिया गया।




# दहेज हत्या में दोषी पति को दस साल की सजा

### – कोर्ट ने लगाया दस हजार का जुर्माना

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। दहेज हत्या के एक पुराने मामले में न्यायालय ने दोषी पति को दस वर्ष के कठोर कारावास और दस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह कार्रवाई पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत प्रभावी पैरवी और मजबूत साक्ष्यों के आधार पर हुई। थाना जाफरगंज क्षेत्र के ललियापुर गांव निवासी पप्पू पुत्र किशोरीलाल के खिलाफ वर्ष 2018 में दहेज उत्पीड़न और पत्नी की हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। मृतका के परिजन गंगादीन ने आरोप लगाया था कि दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को लगातार प्रताड़ित किया जाता था और बाद में मिट्टी का तेल छिड़ककर उसकी हत्या कर दी गई। इस मामले में थाना जाफरगंज पुलिस ने धारा 498ए, 304बी आईपीसी एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना पूरी करते हुए आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। पुलिस महानिदेशक के निर्देश और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत स्थानीय पुलिस, मॉनिटरिंग सेल और एडीजीसी अजय कुमार सिंह ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की। शनिवार को एएसजे/एफटीसी कोर्ट संख्या–02 ने सुनवाई के बाद अभियुक्त पप्पू को दोषी करार देते हुए दस वर्ष के कारावास तथा दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। मुकदमे की पैरवी में मॉनिटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक श्रवण कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अष्विनी वर्मा, कांस्टेबल रोहित राजावत, जितेंद्र सिंह, विवेक कुमार, पैरोकार कांस्टेबल सुमित कुमार, कोर्ट मुहर्रिर हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार मिश्रा की अहम भूमिका रही।

# सड़क हादसो में महिला समेत दो घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद अलग–अलग थाना क्षेत्रो के अर्न्तगत हुये सड़क हादसो के दौरान महिला समेत दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के कलेक्टरगंज मोहल्ला निवासी स्व0 सूरजदीन शुक्ला का 65 वर्षीय पुत्र रमेश चन्द्र शुक्ला ई–रिक्शा चालक है। बताते है कि सवारी छोड़कर वापस आते समय लखनऊ बाईपास एनएच 2 में चार पहिया वाहन ने ई–रिक्शा में टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी प्रकार हथगाम थाना क्षेत्र के रामपुर मून गांव निवासी सलीम की 45 वर्षीय पत्नी सदीकुल निशा अपने पुत्र शमीम के साथ दवाई करवाकर घर वापस लौट रही थी। तभी थाना क्षेत्र के मनमोहनपुर चौराहा के पास चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने सभी घायलो को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

# अधिवक्ता ने ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि पर मारपीट का लगाया आरोप

### – एसपी व जिला बार अध्यक्ष से लगाई गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। अधिवक्ता सिद्धार्थ राठौर ने जिला बार अध्यक्ष बाबू सिंह व महामंत्री को ज्ञापन देते हुए बताया कि शुक्रवार को कचेहरी से वापस घर जाते समय पटेल नगर चौराहे के निकट उनके साथ आदित्य त्रिवेदी पुत्र श्याम बाबू त्रिवेदी, अजय मिश्रा पुत्र अनिल मिश्रा अंगरक्षक राजवीर सिंह आदि ने वाहन हटाने को कहने पर उनके साथ मारपीट की। बताया कि मारपीट के दौरान खुद को अधिवक्ता बताए जाने पर अपमानजनक शब्दो का प्रयोग किया गया। आदित्य त्रिवेदी ने खुद को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि जहां चाहो शिकायत कर लो मेरा कुछ नहीं कर पाओगे। अधिवक्ता ने बताया कि घटना की शिकायत को लेकर कोतवाली गया था जहां पुलिस कर्मियों ने एफआईआर दर्ज करने की जगह केवल शिकायती पत्र लेकर रख लिया। पीड़ित अधिवक्ता ने एसपी व बार अध्यक्ष को शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। इस मौके पर प्रदीप कुमार, राजू यादव, नितिन त्रिपाठी, पंकज तिवारी, जीत कुमार, आशुतोष सिंह, अवधेश यादव, सुमित सिंह, अनमोल सिंह, निर्भय सिंह आदि रहे।



## एसएन पब्लिक स्कूल में परीक्षाफल वितरित, मेधावी सम्मानित

### – असली परीक्षा नंबरों की नहीं सीखने की होती है : आलोक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिंदकी, फतेहपुर। मलवां विकास खंड के चौडगरा–बिंदकी रोड स्थित एसएन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को अंक पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा एक से पांच तक के सत्ताइस अव्वल बच्चों को मेडल, ट्रॉफी और अंक पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा विकास समिति के जिला प्रवक्ता आलोक गौड़ रहे। उन्होंने बच्चों को अंक पत्र वितरित करते हुए कहा कि असली परीक्षा नंबरों की नहीं, सीखने की होती है। फेल होना बुरा नहीं है, कोशिश छोड़ देना बुरा है। प्राथमिक शिक्षा नींव होती है। अगर नींव मजबूत होगी तो भविष्य भी अच्छा बनेगा। विद्यालय के प्रबंधक शिवाकांत पांडेय ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया और बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. दीपक सिंह चौहान, नागेंद्र शुक्ला, जितेंद्र सिंह, सूरज सिंह, पवन पांडेय, अतुल, अमिता, रमा अवस्थी, श्रेया सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रमा अवस्थी ने किया।




स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )